प्रेस पर नियंत्रण स्थापित करने के लिए **13 जून 1857 ई.** को बिना पूर्व अनुमति के प्रिंटिग प्रेस की स्थापना पर कड़ा नियंत्रण लगा दिया गया। लाइसेंस रद्द कर देने की बात भी उसमें सम्मिलित थी। **लार्ड कैंनिग** के ये नियम **गैंगिग एक्ट** (गलाघोंटू कानून) के रुप में जाने गए**। इस कानून के संदर्भ में लार्ड कैंनिग ने टिप्पणी करते हुए कहा** : ''...तथ्यों को तोड़–मरोड़कर पेश करने के अलावा सरकार को लगातार बदनाम किया जा रहा है, अपने उद्देश्य के बारें में झूठमूठ ऊँचे–ऊँचे दावे पेश किए जा रहे है और सरकार तथा उसके प्रजाजनों के बीच असंतोष और नफरत के बीज बोए जा रहे है... जो टिप्पणी इस समय में भारतीय समाचार पत्रों के बारें में कर रहा हूँ वह यूरोपियन समाचार पत्रों पर लागू नहीं होती।''

सन् 1857 के प्रथम स्वातंत्र्य समर के समय गर्वनर जनरल की परिषद ने भाषायी प्रेस के लेखन पर गंभीरता से ध्यान केन्द्रित किया, खासतौर से सेना और आम जनता में असंतोष भड़काने के मामले में। तब फिरंगी हुकूमत ने प्रेस पर नियंत्रण का निर्बाध अधिकार हस्तगत करने के लिए **सन् 1857 का पद्रहवाँ कानून** पारित किया जो भारत के सभी समाचार पत्रों पर लागू होता था भले ही वे भाषायी पत्र हो या आग्ल अखबार यह कानून एक वर्ष तक प्रभावशाली रहा।[5] नया अधिनियम कई समाचार पत्रों के लिए संकट का कारण बन गया। 'बंगाल हरकारु' का लायसेंस छीन लिया गया लेकिन बाद में फिर दे दिया गया। 'फ्रेण्ड ऑफ इंडिया' के संपादक को 'प्लासी की शताब्दी' शीर्षक लेख प्रकाशित

करने पर इस आधार पर चेतावनी दी गई कि वह लेख खतरनाक और उत्तेजनात्मक था। अनेक भारतीय संपादक इस अधिनियम के घेरे में आ गये। **'दूरबीन', 'सुल्तान–उल–अखबार' और 'समाचार सुधावर्षण'** के मुद्रकों और प्रकाशकों पर राजद्रोहपूर्ण सामग्री प्रकाशित करने के आरोप में सुप्रीम कोर्ट में मामला चलाया गया, लेकिन उन पर आरोप सिध्द नहीं हो सका। **'गुलशने–नौ–बहार'** का प्रकाशन बंद हो गया, क्योंकि उसका छापाखाना अपने पत्र में निंदात्मक लेख छापने के कारण जब्त कर लिया गया था।

इस अधिनियम में ''यूरोपियन और देशी पत्रों के बीच कोई भेद'' नहीं किया गया हालांकि ''इसे विशेष रुप से यूरोपियन पत्रों के विरुध्द लागू नहीं किया गया था।'' यह अधिनियम ''प्रत्येक प्रकार के प्रकाशन पर चाहे उसके मुद्रण की भाषा कोई भी हो और प्रकाशन के लिए उत्तरदायी व्यक्ति कैसा भी हो, लागू होता था।'' बंबई के गर्वनर ने जिनके लिए उस क्षेत्र के पत्रों के विरुध्द शिकायत का कोई औचित्य नहीं था, इस संकल्पित उद्देश्य से प्रतिबंध लगाने के पक्ष में एक विज्ञप्ति निकाली कि प्रस्तावित कानून के विरुध्द भारत या इग्लैंड में होने वाले संभावित विरोध में कैंनिग के हाथ मजबूत हो।

इस प्रकार सन् 1857 के अधिनियम क्रमांक 15 को विधिपुस्तिका में स्थान मिला। इसका उद्देश्य प्रकाशित पुस्तकों और पत्रों के प्रचलन को नियंत्रित करना था। अधिनियम ने शासन से लायसेंस लिए बिना छापे खाने रखने या चलाने पर प्रतिबंध लगा दिया जिसे स्वेच्छापूर्वक लायसेंस देने या किसी भी समय उसे रद्द करने का अधिकार था इसके अधीन सरकार को किसी समाचार पत्र, पुस्तक या किसी अन्य छपी हुई सामग्री को प्रकाशित या प्रचलित करने पर रोक लगाने के व्यापक अधिकार प्राप्त हो गये। अंग्रेजी या भारतीय भाषाओं में पत्रों के प्रकाशनों के बीच कोई भेद नहीं रखा गया था। यह अधिनियम सारे भारत में प्रभावशाली किया गया था और उसे एक वर्ष अर्थात् 13 जून तक लागू रखा गया था। कैंनिग की घोषणा के अनुसार भारतीय प्रेस को स्वतंत्र कर दिया। साथ ही साथ भारत के शासन का प्रबंध ईस्ट इंडिया कंपनी के हाथों से हस्तांतरित होकर ब्रिटिश संसद के हाथों में पहुँच गया। अब भारतीय प्रेस अपने नये विकास के युग में प्रवेश कर गई। परंतु प्रेस अपने–अपने स्वार्थ के अनुसार विभाजित हो गई, क्योंकि शासक और शासित दोनों आर्थिक, भौगोलिक एवं सांस्कृतिक दृष्टिकोण से भिन्न थे। अंग्रेज पत्रकारों ने पृथकतावादी विचारधारा स्थापित कर ली और स्वदेशी पत्रकारों को असभ्य और विद्रोही बताया और वे स्वदेशी पत्रों के विरुध्द सरकार के कान भरते रहते थे। दोनों के बीच की

इस खाई को एलनबरों ने 7 दिसम्बर 1857 को ब्रिटिश संसद में स्पष्ट रुप से भिन्न रुप में चित्रित किया : ''भारत में प्रेस पूर्ण रुप से भिन्न रुप से स्थित है। इग्लिंश प्रेस भारत के लोगों की प्रेस नहीं है। यह अजनबी सरकार और शासक वर्ग की प्रेस है। जो उनके स्वार्थ को प्रकाशित करती है। मैं यह नहीं कहता कि यह समय–समय पर देश के हित को नहीं उभारती, इग्लिंश प्रेस का यह उद्देश्य वास्तव में नहीं है। यह तो उन व्यक्तियों का प्रतिनिधित्व करती है जो इसके समर्थक है। दूसरी ओर स्वदेशी प्रेस, चूंकि शासक वर्ग की नीतियों का विरोध करती है। अंग्रेजी प्रेस स्वदेशियों की समझ से बाहर है, जब तक उनका अनुवाद स्वदेशी भाषा में न हो जाए। इस बीच में भारतीय मस्तिष्क पर इस बात का प्रभाव नहीं होता। इसी प्रकार स्वदेशी प्रेस का प्रभाव हमारे ऊपर नहीं होता चूंकि हम इसे नहीं पढ़ते है। अतः यह स्पष्ट है कि इग्लिंश प्रेस का प्रभाव भारतीयों पर तब तक नहीं पड़ेगा, जब तक उसके लेखों को अनुवादित नहीं किया जाता।''

लार्ड कैंनिग का मुद्रणालय अधिनियम सभी पर लागू होता था और उसके प्रभाव से अंग्रेजी भाषा के समाचार पत्र भी मुक्त नहीं थे। इसे यूरोपियनों ने बुरा माना और उन्होंने साम्राज्ञी से निवेदन किया कि कैंनिग को वापस बुला लिया जाय क्योंकि उसकी नीति बड़ी अशक्त और ढुलमुल है। यूरोपियन समाज की प्रबल आकांक्षा थी कि प्रतिरोध की नीति अपनायी जाय जिसकी अभिव्यक्ति ऐंग्लों इंडियन समाचार पत्रों में होती थी। लेकिन पर्याप्त कारणों से इनका मुँह बंद कर दिया गया। पटना के रेवेन्यू कमिश्नर के शब्दों में –''इन पत्रों में लिखे जाने वाले लेखों का स्वरुप और ध्वनि शासन के स्थायित्व के लिए इतने खतरनाक हो सकते थे जितने कि सरकार की कार्यवाहियों या सदस्यों के विरुध्द कहे गये अपशब्द भी नहीं हो सकते थे। ऐंग्लों इंडियन प्रेस ने जनता के बहुत बड़े भाग में सरकार के विरुध्द असंतोष भड़काया और अभी तक उसे सैनिक विद्रोह माना जाता था उसे राष्ट्रीय विप्लव का रुप देने की प्रवृत्ति उसमें थी। ऐंग्लों इंडियन समाचार पत्रों को सरकार ने अपने ही हित में दबाया न कि भारत में सभी समाचार पत्रों के प्रति समान व्यवहार की नीति के कारण।

अब यह बात स्पष्ट हो गई कि ऐंग्लों इण्डियन पत्र स्वदेशी भाषाओं के पत्रों के विरुध्द षडयंत्र रच रहे थे ताकि सरकार उनकी स्वतंत्रता को छीन ले और वे अपने देशवासियों की परेशानियों को प्रकाशित न करे। ये पत्र स्वदेशी पत्रों को विद्रोही बता रहे थे, परंतु **'अल्मोड़ा अखबार'** के अनुसार यह आरोप एकदम झूठा था। वे सरकार को

समर्थन देने का आश्वासन दे रहे थे परंतु उन आश्वासनों के पश्चात् भी समय–समय पर सरकार संवैधानिक तथा प्रशासनिक कदम उठा रही थी। सन् 1857 के बाद भारतीय समाचार–पत्रों में तेजी से वृध्दि हुई। सन् 1876 में बंबई से 60 भारतीय समाचार–पत्र, मराठी–गुजराती, हिंदुस्तानी और फारसी भाषा में प्रकाशित होते थे।

प्रथम स्वतंत्रता संग्राम के समय प्रेस पर टिप्पणी करते हुए लांग लिखते है–''उस (विद्रोह) काल में भारतीय समाचार पत्रों के बारें में बहुत कुछ लिखा और कहा गया और उनके बारें में बिना सोच–विचार के अनेक टीका–टिप्पणियाँ की गयी। कुछ लोगों ने कहा कि ये समाचार पत्र इतने भ्रष्ट है कि इन्हें समाप्त कर देना चाहिए... कुछ अरसे से कुछ अधिकारी इस गुत्थी को हल करने की बात कहने लगे है और उनका विचार है कि या तो भारतीय समाचार पत्रों का दमन किया जाए या उन पर कड़ा सेंसर बिठा दिया जाए। हमारा विश्वास है कि इस रिपोर्ट को देखने से पता चलेगा कि योग्य प्रशासन और उपयुक्त शिक्षा प्रसार के हित में इस तरह का कदम कितना आत्मघाती होगा।''

सारांशतः सन् 1857 ई. के विद्रोह के समय पत्र जनता की भावनाओं को प्रतिबिम्बित कर रहे थे। सन् 1857 के विद्रोह में तत्कालीन समाचार पत्रों का विशेष योगदान रहा। प्रेस ने भारतीय जनता की आवाज एवं महत्वाकांक्षा को वाणी दी। पत्रों ने जनता की भाषा में अपने राष्ट्रीय चरित्र को सामने रखा। भाषायी प्रेस का तेजी से विकास हुआ।

संदर्भ ग्रंथ सूची :

01. मिश्र द्वारकाप्रसाद (2002), *म. प्र. में स्वाधीनता आन्दोलन का इतिहास,* भोपाल : स्वराज संस्थान संचालनालय संस्कृति विभाग.
02. बाजपेयी अम्बिकाप्रसाद (2010), *समाचार पत्रों का इतिहास,* वाराणासी : ज्ञानमण्डल लिमिटेड.
03. शर्मा श्रीपाल (1978), *हिन्दी पत्रकारिता राष्ट्रीय नवउद्‌बोधन,* दिल्ली : राज पब्लिशिंग हाउस.
04. तिवारी अर्जुन (1997), *हिन्दी पत्रकारिता का वृहद इतिहास,* नई दिल्ली : वाणी प्रकाशन.
05. वैदिक वेदप्रताप (2002), *हिंदी पत्रकारिता विविध आयाम भाग–1,* नई दिल्ली : हिन्दी बुक सेन्टर.
06. आंचलिक पत्रकार –मई 2007, जून 1997

धार्मिक आडम्बर और कबीर

डॉ. प्रमिला शेरे
सहायक प्राध्यापक (इतिहास)
शासकीय महाविद्यालय, टोंकखुर्द,
देवास

हिंदू धर्म बहुत पुराना धर्म है जो मध्यकाल में अपनी विशेषताओं के साथ विद्यमान था। वस्तुतः इस काल में लोक व्यवहार को ही धर्म माना गया था। जिसका स्वरुप कर्मकाण्ड, पाखण्ड एवं बाह्यचारों से निर्मित था। समाज में अनेक जातियाँ और उन जातियों के अलग–अलग धर्म थे। समाज में प्रचलित हिंदू और बौध्द, जैन एवं इस्लाम धर्म पर भी कर्मकाण्डों व मिथ्याडम्बरों का प्रभाव था। कबीर को इन सभी आडम्बरों से घृणा थी। वे समाज को इस अज्ञान के अंधकार में पड़ा हुआ नहीं देखना चाहते थे। उन्होंने एक और पीरो मुरीदो, काजियों, मुल्लाओं और दरवेशो के घृणित कार्यो का उद्‌घाटन किया तो दूसरी और पांडे, पुजारी, भक्ति–विमुख कर्मकाण्ड एवं बाह्यचार में उलझे हुए हिंदूओं को भी खूब खरी–खोटी सुनाई। कबीर की इस प्रवृत्ति ने निश्चय ही उन्हें कठिनाई में डाला होगा। तभी तो उन्हें 'तू ब्राह्मण मै कासी का जुलाहा, चीन्हि न मोर गियाना' कहना पड़ा होगा। कबीर ने निरंतर हिंदू और मुसलमान दोनों के दोषों को उभारा और अपनी दृष्टि से सुधार का हर संभव प्रयास किया।

कबीर ने हिंदू और मुस्लिम दोनों समुदायों के धार्मिक नेताओं की सबसे अधिक कटु ओलोचना की जिन्होंने लोगों के विश्वास का अपना स्वार्थ सिध्द करने के लिए दुरुपयोग किया एवं धर्म के सार को समझे बिना अपने ग्रंथीय ज्ञान का प्रभाव जमाने का प्रयास किया। कबीर ने ईश्वर के एकत्व में अपने विश्वास के आधार पर मानव समानता की अपनी संकल्पना प्रस्तुत की। इसके कारण उन्होंने समाज में विद्यमान सोपानिक क्रम के साथ–साथ उन लोगों की भी तीव्र भर्त्सना की है जो अपने धन भूमि पर नियंत्रण, परिवार, प्रजाति आदि पर अभिमान करते थे।

हिंदू समाज जिस वर्णाश्रम धर्म और षट्‌दर्शन पर आधारित था, उस पर कबीर ने सीधा आक्रमण किया। योग, यज्ञ, व्रत, दान आदि की व्यर्थता को इतना स्पष्ट और निर्भीक भाषा में इनके पहले और संभवतः बाद में भी किसी ने नहीं व्यक्त किया था। उन्होंने

समस्त व्रतों, उपवासों और तीर्थो को एक साथ अस्वीकार कर दिया। उन्होंने एक अल्लाह निरंजन निर्लेप के प्रति लगन को ही अपना लक्ष्य घोषित किया। प्रेम ही साध्य है, प्रेम ही साधन व्रत भी नहीं, मुहर्रम भी नहीं, पूजा भी नहीं, नमाज भी नहीं, हज भी नहीं, तीर्थ भी नहीं। अपनी तार्किक शैली में समाज के बाह्यडम्बर पर कटु प्रहार कबीर ने किए है। कबीर ने कहा–

''जो तू ब्राह्मण ब्राह्मनी जाया,

आन बाट हवै क्यो नहीं आया।

इसी प्रभाव से उन्होंने मुल्ला की बाँग और हिंदुओं की पीतल पिटत पर उक्तियाँ कही है चुटकियाँ ले लेकर व्यंग कसे है। इन्ही उक्तियों के माध्यम से उन्होंने धर्म के मूल तत्व को पहचान कर ढोंग के ढोल की पोल खोल दी।

''मस्जिद भीतर मुल्ला पुकारे, क्या साहिब तेरा बहिरा है ?

चिउंटी के पग नेवर बाजै, सो भी साहिब सुनता है।

पंड़ित होय के आसन मारे, लम्बी माला जपता है।''

कबीर ने स्थान–स्थान पर पुस्तकीय ज्ञान की खिल्ली उड़ाई है।

''पोथी पढ़–पढ़ जग मुआ, पंडित भया न कोय

एक आखर प्रेम का, पढै सो पंडित होय।''

दोनों मतों के दोष प्रकट करने में कबीर ने पूर्ण निष्पक्षता से काम लिया है। यदि उन्होंने हिंदूओं की पत्थर पूजा की खिल्ली उड़ाई है–

पाहन पूजे हरि मिले, तो मै पूँजू पहार

ताते यह चाकी भली, पीस खाय संसार।''

तो दूसरी ओर मुसलमानों की अजान आदि पर भी व्यंग किया है–

''काँकर पाथर जोरि के, मस्जिद लई चुनाय।

वा चढ मुल्ला बाँग दे, बहरा भया खुदाय।''

कबीर कहते है कि जो पत्थर की मूर्ति को स्त्रष्टा मानकर पूजा करते है और उसी के भरोसे रहते है, वे भवसागर की भयंकर कालीधार में डूबे है।

पाहन कारे पूतला, करि पूजै करतार।

इसी भरोसे जे रहे, ते बूडे काली धार।।

कबीर कहते है कि पत्थर की पूजा से क्या लाभ जो जीवन भर अनुनयविनय का जवाब भी नहीं देता। अभिलाष–ग्रस्त व्यक्ति अंधा हो जाता है। वह व्यर्थ में अपनी मर्यादा खोता है।

पाहन को क्या पूजिए, जो जनमि न देई ज्वाब।

अंधा नर आसामुखी, यौ ही खोवै आब।।

कबीर कहते है कि जप तप तीर्थ व्रत आदि के द्वारा मुक्ति प्राप्त नहीं होती उनको केवल नैराश्य की प्राप्ति होती है।?

जप तप दीसै थोथरा, तीरथ व्रत बेसास।

सूवै सैंबल सेविया, यौ जग चला निरास।।

कबीर कहते है कि तीर्थ, व्रत आदि केवल विष की बल्लरियाँ है, जिन्होंने सारे जगत को आच्छादित कर रखा है। ये साधना में विष के समान है।

तीरथ व्रत विष बेलडी, सब जग मेल्या छाइ।

कबीर मूल निकेदिया, कौन हलाहल खाई।।

कबीर कहते है–लोग व्यर्थ में तीर्थ और देवालय में देव दर्शन के लिए जाते है। वह तो तुम्हारे पास ही है इस मन को मथुरा, दिल को द्वारिका और काया को काशी समझो। दस द्वारों वाला शरीर तुम्हारे पास है। इसमें जो आत्म–ज्योति है, उसे पहचानो।

मन मथुरा दिल द्वारिका काया कासी जानि।

दस द्वारे का देहरा, तामे जोति पिछाति।।

माला धारण करने व सिर मुँडाने से कुछ नहीं हासिल होता इस संबंध में कबीर कहते है–

माला पहरिया कछु नही, भगति न आई हाथि।

माथो मुंछ मुडाइ करि, चला जगत के साथि।।

मूँड मुडावत दिन गए, अजहूँ न मिलिया राम।

राम नाम कहु क्या करे, जे मन के औरे काम।

कबीर ने हिंदू–मुस्लिम दोनो सम्प्रदायों में व्याप्त बाह्याचार को भ्रम बताया है और कहा है कि ईश्वर का वास घट में ही है उसे वही खोजना चाहिए मंदिर या मस्जिद में नहीं। बाह्याचार का खंडन करते हुए वह कहते है कि नमाज के समय जमीन में झुककर सिर लगाने अथवा मंदिर में देवता के सामने पृथ्वी पर माथा टेकने से क्या लाभ? पवित्रता की दृष्टि से शरीर को जल से स्वच्छ करने से भी क्या लाभ? हिंदू–मुस्लिम दोनों मतावलम्बी अपने पाप को छिपाने के लिए धर्म के नाम पर जीवों का वध करते है और अपने को दीन

बतलाते है। वजु करने से जप से और तीर्थादि में स्नान करने से क्या लाभ? मस्जिद में सिर झुकाने से भी क्या लाभ हो।

कथनी और करनी में अंतर देखकर ही उन्होंने पांडे, काजी और मुल्ला को अस्वीकार कर दिया था। पंडित को सम्बोधित अपने एक पद मे वे कहते है कि पंडित, तुम्हे क्या कुबुध्दि लग गई है? अरे अभागा, अगर राम को नहीं जप सका तो परिवार सहित भवसागर में डूब मरेगा। वेद–पुराण पढने का क्या लाभ? जीवहत्या करते हो और उसे धर्म कहकर विज्ञापित करते हो। फिर अधर्म किसे कहोगे? स्वयं को तो मुनिवर कह लेते हो, पर कसाई किसे कहोगे? इसी तरह की कथनी–करनी की दूरी देखकर वे मुल्ला से भी खुदाई–न्याय की बाबत पूछ लेते है–'मुल्ला, तुम्ही खुदाई न्याय की बात बताओ। तुम लेखे के अनुसार तो सभी जीवो को एक मानते हो, पर (व्यवहार में) मुर्गी भी मारते हो और बकरी भी। और अपने इस कर्म को उचित सिध्द करने के लिए हक्क–हक्क (उचित) भी बोलते हो। जब सभी जीव साई के प्यारे है, फिर तुम्हारा उध्दार कैसे होगा?

कबीर ने भक्ति मार्ग को कर्म मार्ग तथा ज्ञान मार्ग से श्रेष्ठ बताते हुए कहा है कि जब तक आराध्य के प्रति भक्ति भाव नहीं है तब तक जप तप संयम, स्नान ध्यान आदि सब व्यर्थ है।

झूठा जप–तपझूठा ज्ञान।

श्राम नाम बिन झूठा ध्यान।।

कबीर कहते है कि हे पंडित! तुम पवित्रता का व्यर्थ पाखंड करते हो। वह स्थान बताओ जो सर्वथा पवित्र हो। कबीर कहते है कि वास्तव में पवित्र वही है जो मानसिक विकार त्यागकर भगवान की भक्ति करता है। बाहरी पवित्रता दिखावा मात्र है। कबीर कहते है कि हे काजी! तुम किस धर्मग्रंथ की प्रशंसा करते हो उसका अध्ययन करते हुए तुम्हारे जीवन के न जाने कितने वर्ष बीत गए किंतु मर्म तुम्हारी समझ में नहीं आया। इसी प्रकार हिंदुओं के बाह्याचार पर व्यंग करते हुए कहते है कि यदि यज्ञोपवीत धारण करना ही द्विज का चिन्ह है तो स्त्रियों को क्या पहनाया गया है जिससे वे द्विजो में गिनी जा सके। हिंदू और मुसलमान कहाँ से पैदा हो गए? यह भेद नेसर्गिक नहीं है, मानवकृत है। मानव केवल मानव है न हिंदू न मुसलमान।

कबीर कहते है कि प्रभु भक्ति से ही सिध्दी प्राप्त हो सकती है यदि सिर मुडाने से ही सिध्दी प्राप्त हो जाती तो भेड जिसके पूरे शरीर के बाल मूड जाते है अवश्य ही सीधे

स्वर्ग को पहुँच जाती। कबीर कहते है कि केवल वेद पुराण के अध्ययन से क्या लाभ जब तक कि उसके आदर्शो को आचरण में परिवर्तित न किया जाए। आचारहीन शास्त्र ज्ञान वैसे ही निरर्थक है जैसे गधे के ऊपर चंदन का बोझ। बाह्य वेशभूषा की निरर्थकता बताते हुए वह कहते है कि सिर मुडाकर और कानो में मुद्रा धारण कर व्यर्थ ही गर्व मे फूले बैठे हो। बाह्य शरीर में तुम भस्म लपेटे हुए हो किंतु भीतर विषय वासनाओं ने तुम्हारे हृदय को लूट लिया है।

कबीर ने मानवीय धर्म के आधार पर अपनी प्रेम–साधना के मार्ग पर चलने के लिए विभिन्न धर्म–संप्रदायों में प्रचलित ऐसे कर्म–काण्डों तथा आचारों का विरोध किया है जो पाखंडवत हो गये है। सामाजिक अपराधों को करने वाला व्यक्ति तीर्थ–यात्रा करता है, यह उसी प्रकार है जैसे ज्ञान के बिना घाट के बीच डूब जाना। अनेक दर्शनों तथा बहुविध शास्त्रों का अध्ययन करके भी मनुष्य बिना केन्द्रीय भाव–तत्व को जाने–समझे विभ्रमित ही होता है। जप–तप, नियम–संयम और पूजा–अर्चनाकरके भी व्यक्ति जीवन का सही मार्ग नहीं पाता। जिस प्रकार कागज पर लिख–लिख कर मनुष्य भम्र में पड जाता है, वह मन के मूल–भाव–तत्व को नहीं ग्रहण कर पाता। मनुष्य संसार के अंधेरे कुहासे में भटकता है और जीवन के सत्य को नहीं पाता। इस भटकाव में हिन्दू मूर्ति–पूजा करके और तुर्क हज जाकर जीवन गवाँ देता है। इसी प्रकार अनेक वेश–धारण कर व्यक्ति भटकते है और वेद का पाठ कर तथा धन–सम्पदा को संचित कर जीवन व्यर्थ गवाते है। कबीर ऐसे कर्मकाण्डो की अपेक्षा प्रेम साधना के लिए, मूल्यों की भूमिका स्वीकार करते है।

वह बार–बार इस बात पर बल देते है कि ब्राह्मणों के द्वारा एकादशी का व्रत करना अथवा काजी के द्वारा रमजान में रोजा रखना निरर्थक है। अगर खुदा मसजिद में रहता है, तो यह सारा संसार किसका है? इसी प्रकार अगर राम तीर्थ तथा मूर्ति में निवास करता है तो अन्यत्र उसे कहाँ देखा जाए। और यह भी कहना क्या अर्थ रखता है कि पूर्व दिशा में हरि का निवास है और पश्चिम में अल्लाह का। वस्तुतः राम और रहीम हृदय में निवास करते है और उनकी वही खोज करनी होगी।

कबीर का जीवन अंधविश्वासों का विरोध करने में ही बीता था। अपनी मृत्यु से भी उन्होंने इसी उद्देश्य की पूर्ति की। काशी मोक्षदापुरी कही जाती है। मुक्ति की कामना से लोग काशीवास करके वहाँ तन त्यागते है और मगहर मे मरने का फल नरकगमन माना जाता है। यह अंधविश्वास अब तक चला आता है कहते है कि इसी के विरोध में कबीर

मरने के लिए काशी छोड़कर मगहर चले गए थे। वह अपनी भक्ति के कारण ही अपने आपको मुक्ति का अधिकारी समझते थे। उन्होंने कहा भी है–

जो काशी तन तज कबीरा तो रामहि कहाँ निहोरा रे।

इस अंधविश्वास का उन्होंने जगह–जगह खण्डन किया है–

हिरदे कठोर मरया बनारसी नरक न बच्चा जाई।

हरि को दास मरे जो मगहर संध्या सकल तिगई।।

जस कासी तस मगहर ऊसर हृदय रामसति होई।

इस प्रकार सब बाहरी धर्माचारों को अस्वीकार करने का अपार साहस लेकर कबीरदास साधना के क्षेत्र में अवतीर्ण हुए। केवल अस्वीकार करना कोई महत्व की बात नहीं है पर किसी बड़े लक्ष्य के लिए बाधाओं को अस्वीकार करना सचमुच साहस का काम है रुढियो और कुसंस्कारो की विशाल वाहिनी से वह आजीवन जूझते रहे। इन कुसंस्कारों, रुढियो और बाह्यचार के जंजालों को उन्होंने बेदर्दी के साथ काटा। वे सच्चे शूर की भाँति जूझते ही रहे। बाह्यचार की निरर्थक पूजा और संस्कारों की विचारहीन गुलामी कबीर को पसंद नहीं थी।

उन्होंने सुन्नत बाँग और कुबार्नी आदि की खरी आलोचना की है पर चाहे मुसलमानी धर्म के बाह्यचार का खंडन हो या हिंदू मत के, उन्होंने अपने पूर्ववर्ती अख्खड योगियों की भाँति महज खंडन के लिए खंडन नहीं किया। उनका केन्द्रीय विचार भक्ति था। वे भक्ति को प्रधान मानते थे। उनके मत से भक्ति और बाह्याडम्बर का संबंध सूर्य और अंधकार का सा है। एक साथ दोनो नहीं रह सकते।

कबीर के बाह्याडम्बर के खंडन में अनन्य सच्चाई है, जो सिध्द योगियों की उक्तियों में नहीं मिलती। कबीर के अनुसार यदि विचार, शुध्द और पवित्र नहीं है तो धर्म भी पवित्र और शुध्द नहीं हो सकता। कबीर ने धर्म के क्षेत्र में आचरण पर विशेष बल दिया किंतु आचारों के बाह्य रुप से उन्हें घृणा थी। उन्होंने किसी भी धार्मिक विश्वास लोक तथा वेद के अंधानुकरण को स्वीकार नहीं किया बल्कि विवके से उन धर्मो विश्वासो तथा पाखण्डों को अपनी ध्वंसात्मक भूमिका से तहस–नहस करके ही दम लिया।

संदर्भ ग्रंथ सूची :

01. मौर्य प्रहलाद : कबीर का सामाजिक दर्शन, पुस्तक संस्थान, कानपुर, संस्करण 1973.

02. सेठ रवीन्द्र : तिरुवल्लूवर और कबीर का तुलनात्मक अध्ययन, नेशनल पब्लिसिंग हाउस, प्रथम संस्करण–1972.

03. स्नातक विजयेन्द्र : कबीर, राधाकृष्णन प्रकाशन लिमिटेड दरियागंज, नई दिल्ली, प्रथम संस्करण 1965.

04. द्विवेदी हजारीप्रसाद : कबीर, राजकमल प्रकाशन प्राइवेट लिमिटेड, नई दिल्ली, छठा संस्करण 1998.

05. सिंह पुष्पपाल : कबीर ग्रंथावली सटीक, अशोक प्रकाशन, दिल्ली, द्वितीय संस्करण, 1965.

06. सिंह जयदेव– वासुदेव : कबीर वाङ्मय (साखी), विश्वविद्यालय प्रकाशन, वाराणसी, द्वितीय संस्करण 1993.

07. सिंह जयदेव– वासुदेव : कबीर वाङ्मय (सबद), विश्वविद्यालय प्रकाशन, प्रथम संस्करण 1981.

08. सिंह राजदेव : कबीर आधुनिक संदर्भ में, लोकभारती प्रकाशक, इलाहाबाद, संस्करण 1991.

09. चौबे झारखंड एवं श्रीवास्तव कन्हैयालाल : मध्ययुगीन भारतीय समाज एवं संस्कृति, उ. प्र. हिन्दी संस्थान, लखनऊ, तृतीय संस्करण –2000.

10. डॉ. रघुवंश : कबीर एक नई दृष्टि, लोकभारती प्रकाशन, इलाहाबाद, प्रथम संस्करण 1991.

English, The De Facto Official Language of India: A Bitter Truth

Dr. S.S. Thakur
Asst. Professor in English
Shri Atal Bihari Vajpayee
Govt. Arts & Commerce College
Indore (M.P.)

Abstract: *Language, is something specific to humans, that is to say it is the basic capacity that distinguishes humans from all other living beings. Language therefore remains potentially a communicative medium capable of expressing ideas and concepts as well as moods, feelings and attitudes. A set of linguists who based their assumptions of language on psychology made claims that language is nothing but 'habit formation'. According to them, language is learnt through use, through practice. In their view,* ***'the more one is exposed to the use of language, the better one learns'****. A language is a systematic means of communication by the use of sounds or conventional symbols. It is the code we all use to express ourselves and communicate to others.*

English language has been voluntarily adopted as the most important vehicle for the exchange of views, ideas and also being used as the commercial exchanges in all over the world, including non-English spoken countries like, China, Korea, Japan, and many other countries in Europe and Asia.

Language is a communication by word of mouth. It is the mental faculty or power of vocal communication. It is a system for communicating ideas and feelings using sounds, gestures, signs or marks. Any means of communicating ideas, specifically, human speech, the expression of ideas by the voice and sounds articulated by the organs of the throat and mouth is a language. This is a system for communication. A language is the written and spoken methods of combining words to create meaning used by a particular group of people.

Written languages use symbols (characters) to build words. The entire set of words is the language's vocabulary. The ways in which the words can be meaningfully combined is defined by the language's syntax and grammar. The actual meaning of words and combinations of words is defined by the language's semantics.

English language plays a pivotal role for the latest and the most advanced discoveries and inventions in Science and Technology, Commerce and Trade and several many other areas. MAKE IN INDIA, a Global Initiative, is an ambitious venture, launched on 24th September, 2014, by the honorable Prime Minister of India, Mr. Narendra Modi, with an aim to give the Indian economy global recognition. The term, MAKE IN INDIA, itself is expressed

in English language with full-throated voice that apparently indicates the need of English Language in the present Global scenario. The present paper attempts to overview the role of English language at the national and global level (to successfully achieve the goals of the highly ambitious initiatives launched in our country in past couple of years to boost the purchasing power of the common man, as this would further boost demand, and hence spur development, in addition to benefiting investors).

In our country English is important for a number of reasons. India is a land of diversity. Different people speak different languages. A person of Tamil Nadu does not speak Hindi. So he can't understand Hindi of a person from North India. However he can understand English. So English automatically becomes a link language, at least in the midst of the educated ones. Different people can communicate with one another with the help of English. Secondly, all advanced knowledge in science, technology and medicine is available in English. The results of the latest researches come to India through the medium of English. If we give up English, we will lag behind in the higher fields of study. Today the world has become one family.

It is all due to English language. English is an international language. English is the language of the Constitution, the Supreme Court, the High Courts and official departments. English is now firmly rooted in the soil of India. It has become a part of Indian life. Thus English has great importance for the integrity of India. It has to be second language in our country for the better development of the country.

There are issues with this situation. One, English is a self-perpetuating advantage that creates haves and haves not across generations. If your parents can speak in English, if their friends and their children speak in English, you are much likelier to grow up to speak English. This self-perpetuation is true about education in general (if your parents are educated you are likelier…) but while better access to books, schools and teachers can, to a large extent, break the cycle for general education, this is really hard to do when it comes to speaking a non-native language. Two, an English medium instruction may actually be detrimental to a child's education. There must be millions of children who sit through say, a History class in English, not understanding much of what is being taught.

Across the cross section of India, I think English medium education works to disperse educational outcomes. For a small minority, it results in better English skills but no better general educational outcomes. These small minorities, who have an "English friendly" environment, an English medium education poses no hurdle, or a very small one. But the

rewards are linked to opportunities in the global marketplace for higher education and jobs, including the export oriented service industries in India.

For the large majority, however, according to the research, English medium education works differently and leads to poorer educational outcomes and poorer language skills. If this is the case, it must be a matter of great concern to education administrators.

If things continue as they are today the future will see:

- English, not just talent and hard work, will be a key determinant of income. Did your parents speak English? Could they afford to send you to a English only convent? These factors will determine the kind of job Indians will get perhaps more than their capabilities. Class mobility while not being engrained for generations, will be restrained.
- We need a well educated population – for a 21st century economy, for a well informed electorate. Is a forced diet of English medium education going to get us there? Will children learn elementary school science better in English or their mother tongue? Do we even have the teachers who can teach Biology in English, in the numbers needed?
- Will English medium students actually join the work force with good English skills? If you go by the writing skills that one sees in the comments section of Indian websites, I seriously doubt that all the years of English medium education has done them any good.

If there is any policy direction that we need here it's that India has to pay serious attention to the manufacturing side of the economy. Sophisticated manufacturing industries value skills. Factory workers don't need English skills to work with global clients. Just like Germany's world-beating machine tool industry is all German speaking. While the capital markets industry, being integrated into the global capital markets, speaks English. And if we focused more on teaching English better, rather than teaching every subject in English, we just might turn out better workers.

English language is widely used in official communications. The abolition of English will adversely affect the office work. Most office-goers know English, but many of them do not know other languages besides their mother-tongue or regional language. Then, they communicate with each other in English for their everyday work. So, if the office-goers are asked to bid goodbye to the English language, they will face a great difficulty.

The importance of English in education and student's life cannot be denied. English remains a major medium of instruction in schools. There are large number of books that are

written in English language. If English is abolished today, it will affect the education system in India. So, unless and until we translate these books into various regional languages, it will affect education. But this work is very hard and time-consuming indeed. Students who want to go abroad for education will have learn to English well. If their command over English is poor, then they may face difficulty in adjusting with the alien environment.

The communication of India with other countries takes place in English language. For a developing country like India, it is essential to be in constant intercourse with other countries. English is also an important language for inter-state communications. Modern India has many large States. People of each State converse in their own language and often cannot speak or understand the regional language of other people. In such cases, English becomes the link between these people. So, here too we cannot deny the importance of English in modern India.

The study of English language in this age of globalization is essential. English language is the most important language of communication between different countries. In India, people of different states have their own language. English Language has come us as a connecting link among various states of India.

U.N. has recognized five languages as its official languages and of them English takes the first position because of its background, international acclaim of easy access to the people. If we go back to historical facts, we see that half of the globe was under the British imperialism. Those countries coming directly under British rule had by necessity or under compulsion to learn English and the rest either being influenced by the English culture or to keep pace with modern trend had but to opt for learning it.

India's long association with English language has benefited the people in many ways. English language has enriched the Indian language and culture and has broadened our outlook on life. India is a sub-continent inhabited by diverse people. The mother tongue of one state is Greek or Latin to another. Under such circumstances English acts as the 'lingua franca'. Thus, English has directly helped India to achieve unity in diversity.

The role and importance of English language in Modern India cannot be denied. India has been moving towards progress in this age of science. Many of the books on higher study on science, technology, engineering, medicine, etc. are either written in or translated into English. The sound knowledge of English helps a student in his studies. Knowledge of English promotes the specialized study of literature and philosophy. The charms of Shakespeare and Milton can alone be appreciated in their original works written in English. The copiousness of English vocabulary stands unrivaled in the world.

English is capable of translating into it the exact mood and sentiment of different writers reflected in their respective languages. Thus, with the knowledge of English one can make a sojourn in the different literatures of the world. This is the age of specialization; and one is to visit foreign lands, often, for this purpose. Without the knowledge of English such opportunities can never be reaped.

India is now independent. India is famous in history for her liberal philosophy. She has given to the world what are good in her; and she has generously accepted from others what are good in them. Moreover, English is no longer the language of the English people of England alone. It has been universally recognized as the international language. Hence, India may retain English permanently without any prejudice.

समाज कल्याण अंतर्गत मध्याह्न भोजन योजना में स्वैच्छिक संगठनों की भूमिका

डॉ. आरती व्यास
सहायक प्राध्यापक – समाजशास्त्र
श्री अटल बिहारी वाजपेयी
शास. कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय
इन्दौर (म.प्र.)

सारांश : भारत में स्वैच्छिक समाज सेवा कार्यो की एक समृद्ध परम्परा रही है। भारतीय संस्कृति में धर्म, नैतिक्ता, परोपकार एवं परलोक में विश्वास करने की भावनाएँ परिव्याप्त रही हैं। जीव–जन्तु, पशु–पक्षियों, दीन–हीनों, अतिथियों तथा संकट में पड़े मनुष्य की सेवा करना पुण्य का कार्य माना जाता है। यह कार्य कुछ परोपकारी एवं कर्मठ व्यक्ति मिलकर एक संस्था के रूप में जरूरतमंद व्यक्तियों की सहायता करते आये हैं। राज्य या शासन के आदेशों या इच्छा के बिना जब कोई संगठन तैयार किया जाता है तो वह NGO's या गैर सरकारी संगठन कहलाते हैं। इन स्वैच्छिक संगठन के माध्यम से अपाहिजों, असाध्य रोगों से पीड़ित मरीजों, विधवाओं, अनाथ बच्चों की सेवा की जाती है। बाढ़, भूकम्प, तूफान, महामारी, अग्निकाण्ड, युद्ध तथा अकाल से त्रस्त होती मानवता को जन सहयोग की भावना व गैर सरकारी संगठनों की सहायता से कल्याणकारी कार्य किया जाता है।

भारत के संविधान अनुच्छेद 19 (1)(c) के अंतर्गत यह अधिकार नागरिकों को दिया गया है। समुदाय, संगठन या संघ बनाकर हम उन उद्देश्यों को प्राप्त कर सकते हैं। जिनकी प्राप्ति संगठित प्रयासों से ही संभव है। स्वैच्छिक संगठनों का मुख्य उद्देश्य जरूरतमंद लोगों की आवश्यक्ताओं का सर्वेक्षण कर सहायता करना होता है। आधुनिक स्वैच्छिक समाजसेवी संगठनो का जन्म ब्रिटिश शासन के दौरान शुरू हुआ।

भारत के स्वैच्छिक संगटन समाज कल्याण के लिए सरकारी नीतियों एवं कार्यक्रमों का सफल क्रियान्वयन, सामाजिक परिवर्तन, सामाजिक नीति निर्माण, सामुदायिक सहभागिता, जनजागृति तथा जनमत निर्माण में अपनी भूमिका का निर्वहन करते हैं। गांधी युग में स्थापित हुए अधिकांश संगठन समाज कल्याण, समाज सुधार के लिए पल्लवित हो सकें जिससे सहायता, सुरक्षा तथा स्वययता को प्रोत्साहित करें।

भारत में स्वैच्छिक सेवा एवं परोपकार की पुरातन परम्परा है। विकास के नये परिपेक्ष्य में यह स्पष्ट रूप से महसूस किया जाने लगा है कि देश के आर्थिक और सामाजिक विकास का दायरा व्यापक होने से सरकारी प्रयास पर्याप्त नहीं हो सकते। आज ग्रामीण समाज में आर्थिक–सामाजिक विकास की प्रक्रिया को अधिक गतिशील बनाने के लिए सरकार की सहयोगी के रूप स्वैच्छिक संस्थाऐं योजनाबद्ध विकास में परिवर्तन की महत्वपूर्ण कड़ी है।

मध्याह्न भोजन योजना

अधिक छात्रों के नामांकन और अधिक छात्रों की नियमित उपस्थिति के सबंध में स्कूल भागीदारी पर मध्याह्न भोजन का महत्वपूर्ण प्रभाव रखता है। अधिकतर बच्चे खाली पेट स्कूल पहुँचते हैं। जो बच्चे स्कूल आने से पहले भोजन करते हैं उन्हें भी दोपहर तक भूख लग आती है और वे अपना ध्यान केन्द्रित नहीं कर पाते हैं। मध्याह्न भोजन बच्चों के लिए ''पूरक पोषण'' के स्त्रोत और उनके स्वस्थ विकास के रूप में भी कार्य कर सकता है। यह समतावादी मूल्यों के प्रसार में भी सहायता कर सकता है क्योंकि कक्षा में विभिन्न सामाजिक पृष्ठभूमि वाले बच्चे साथ में बैठते हैं और साथ–साथ खाना खाते हैं। विशेष रूप से मध्याह्न भोजन स्कूल में बच्चों के मध्य जाति व वर्ग के अवरोध को मिटाने में सहायता कर सकता है। स्कूल की भागीदारी में लैंगिक अंतराल को भी यह कार्यक्रम कम का सकता है क्योंकि यह बालिकाओं को स्कूल जाने से रोकने वाले अवरोधों को समाप्त करने में भी सहायता करता है। मध्याह्न भोजन स्कीम छात्रों के ज्ञानात्मक, भावनात्मक और सामाजिक विकास में मदद करती है। सुनियोजित मध्याह्न भोजन को बच्चों में विभिन्न अच्छी आदतें डालने के अवसर के रूप में उपयोग में लाया जा सकता है। यह स्कीम महिलाओं को रोजगार के उपयोगी स्त्रोत भी प्रदान करती है।

मध्याह्न भोजन स्कीम देश के 2408 ब्लॉकों में एक केन्द्रीय प्रायोजित स्कीम के रूप में 15 अगस्त, 1995 को आरंभ की गई थी। वर्ष 1997–98 तक यह कार्यक्रम देश के सभी ब्लॉकों में आरंभ कर दिया गया। वर्ष 2003 में इसका विस्तार शिक्षा गारंटी केन्द्रो और वैकल्पिक व नवाचारी शिक्षा केन्द्रों में पढ़ने वाले बच्चों तक कर दिया गया। अक्टूबर, 2007 से इसका देश के शैक्षणिक रूप से पिछड़े 3479 ब्लॉकों में कक्षा VI से VIII में पढ़ने वाले बच्चों तक विस्तार कर दिया गया है। वर्ष 2008–09 से यह कार्यक्रम देश के सभी क्षेत्रों में उच्च प्राथमिक स्तर पर पढ़ने वाले सभी बच्चों के लिए कर दिया गया है। राष्ट्रीय बाल

श्रम परियोजना विद्यालयो को भी प्रारंभिक स्तर पर मध्याह्न भोजन योजना के अंतर्गत 01.04.2010 से शामिल किया क्या है।

कार्यक्रम के उद्देश्य

इस स्कीम के लक्ष्य भारत में अधिकांश बच्चों की दो मुख्य समस्याओं अर्थात भूख और शिक्षा का इस प्रकार समाधान करना है :–

1. सरकारी स्थानीय निकाय और सरकारी सहायता प्राप्त स्कूल और ईजीएस व एआईई केन्द्रों तथा सर्व शिक्षा अभियान के तहत सहायता प्राप्त मदरसों एवं मकतबों में कक्षा I से VIII के बच्चों के पोषण स्तर में सुधार करना।
2. लाभवंचित वर्गों के गरीब बच्चों को नियमित रूप से स्कूल आने और कक्षा के कार्यकलापों पर ध्यान केन्द्रित करने में सहायता करना, और
3. ग्रीष्मावकाश के दौरान अकाल–पीड़ित क्षेत्रों में प्रारम्भिक स्तर के बच्चों को पोषण सम्बन्धी सहायता प्रदान करना।

शोध के उद्देश्य

1. समाज कल्याण अंतर्गत मध्याह्न भोजन योजना की वर्तमान में सार्थकता का अध्ययन करना।
2. समाज कल्याण अंतर्गत मध्याह्न भोजन योजना में कार्यरत गैर सरकारी संगठनों द्वारा प्रदत्त सुविधाओं को अध्ययन करना।

अध्ययन का समग्र : शोध कार्य हेतु अध्ययन का समग्र इन्दौर जिले की मानपुर तहसील में निवासरत समस्त हितग्राही हैं।

अध्ययन की इकाई : शोध कार्य हेतु अध्ययन की इकाई के रुप में इन्दौर जिले की मानपुर तहसील में निवासरत एक हितग्राही है।

निदर्शन पद्धति : इन्दौर जिले की मानपुर तहसील के कुल शासकीय विद्यालयों में से 5 शासकीय विद्यालयो का चयन दैव निर्दशन की लॉटरी विधि द्वारा किया गया है। प्रत्येक शासकीय विद्यालयों से 8–8 हितग्राहियों तथा 2–2 मध्याह्न भोजन प्रदाता का चयन कर कुल 50 छात्र–छात्राओं तथा मध्याह्न भोजन प्रदाताओं का चयन किया गया है।

तथ्यों संकलन के स्त्रोत : शोधकर्ता द्वारा तथ्यों के संकलन हेतु प्राथमिक व द्वितीयक स्त्रोत का चयन किया गया है।

प्राथमिक स्त्रोत : शोधकर्ता ने प्राथमिक सूचना अवलोकन, साक्षात्कार अनुसूची व साक्षात्कार प्रविधियों का प्रयोग करएकत्र की है।

द्वितीयक स्त्रोत : द्वितीयक स्त्रोत अथवा सामग्री वह सूचना है जो पहले से ही उसी प्रकार के अनुसंधान अथवा किसी सामान्य उद्देश्य के लिए सरकारी या अर्द्धसरकारी संस्था, व्यापारिक एवं निजि संस्थाओं आदि द्वारा एकत्र की जाती है। शोधकर्ता ने अध्ययन के लिए पुराने रिपोर्ट, लेख, पुस्तकें, जनरल, अखबार तथा दस्तावेज आदि द्वितीयक स्त्रोत का प्रयोग किया है।

स्वैच्छिक संगठनों की भूमिका

- स्वैच्छिक संगठन नियोजित विकास में नवाचार लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं तथा ग्रामीण जनशक्ति का सकारात्मक उपयोग का सकते हैं।
- स्वैच्छिक संगठन कम लागत पर जनता को सेवायें उपलब्ध करवा सकते हैं।
- स्वैच्छिक संगठन जनता और सरकार के बीच सेतू का काम कर नौकरशाही की जटिलता तथा भ्रष्टाचार को कम कर सकते हैं।

निष्कर्ष

- मध्याह्न भोजन योजना के कारण छात्र–छात्राओं की उपस्थिति पर पड़ने वाले प्रभाव के संदर्भ में 88 प्रतिशत उत्तरदाताओं के अनुसार उपस्थिति में वृद्धि हुई है, जबकि 6 प्रतिशत के अनुसार उपस्थिति में कमी हुई तथा 06 प्रतिशत के अनुसार कोई विशेष प्रभाव नहीं हुआ।
- मध्याह्न भोजन योजना का शिक्षा के स्तर पर पड़ने वाले प्रभाव के संदर्भ में 51 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने सकारात्मक प्रभाव जबकि 26 प्रतिशत के अनुसार नकारात्मक प्रभाव तथा 23 प्रतिशत के अनुसार कोई विशेष प्रभाव नहीं है।
- मध्याह्न भोजन की गुणवत्ता के संदर्भ में सर्वाधिक 56 प्रतिशत उत्तरदाताओं के अनुसार औसत भोजन प्राप्त होता है जबकि 28 प्रतिशत उत्तरदाताओं के अनुसार निम्न स्तर का तथा 16 प्रतिशत उत्तरदाताओं के अनुसार भोजन की गुणवत्ता अच्छी है।
- मध्याह्न भोजन प्रदाता स्वंयसेवी संगठनों के द्वारा मध्याह्न भोजन प्रदान करने की नियमितता हेतु 69 प्रतिशत उत्तरदाताओं के अनुसार मध्याह्न भोजन नियमित रूप से

प्रदान किया जाता है जबकि 21 प्रतिशत के अनुसार मध्याह्न भोजन प्रदान करने में अनियमितता होती है तथा 10 प्रतिशत उत्तरदाताओं के अनुसार कभी–कभी अनियमितता होती है।

सुझाव

- मध्याह्न भोजन योजना अंतर्गत भोजन की गुणवत्ता में सुधार किया जाना चाहिए।
- मध्याह्न भोजन योजना के सफल क्रियान्वयन हेतु उपर्युक्त निरीक्षण प्रणाली की व्यवस्था की जानी चाहिए।
- भोज्य सामग्री निर्माण हेतु गुणवत्तापूर्ण उत्पाद/सामग्री का चयन किया जाना चाहिए।

संदर्भ ग्रंथ सूची :

1. http://hi.vikaspedia.in/education/policies-and-schemes/
2. शर्मा ओमप्रकाश – ग्रामीण समाज में नियोजित सामाजिक परिवर्तन, रावत पब्लिकेशन, जयपुर एवं नई दिल्ली, 2006
3. अवस्थी, डॉ. ए.पी. तथा अग्रवाल लक्ष्मीनारायण – विकास प्रशासन, आगरा, नवम् संस्करण, 2012–13
4. सचदेव, डॉ. डी. आर. – भारत में समाज कल्याण प्रशासन, किताब महल पब्लिशर्स, नई दिल्ली, 2011
5. कुलश्रेष्ठ नीतिश – पंचायतीराज एवं ग्रामीण विकास योजनाएँ, रितु पब्लिकेशन, जयपुर, प्रथम संस्करण, 2012
6. कटारिया डॉ. सुदेन्द्र – समाजिक प्रशासन (कल्याण प्रशासन), आर.बी.एस.ए. पब्लिशर्स, जयपुर, संस्करण, 2010
7. पाण्डेय, तेजस्कर – ओजस्कर, समाजकार्य, भारत बुक सेन्टर, लखनऊ संस्करण, 2009
8. गुप्ता एवं शर्मा – समाजशास्त्र, साहित्य पब्लिकेशन, नई दिल्ली, संस्करण, 2009

वेशभूषा और महिला सशक्तिकरण : एक समाजशास्त्रीय अध्ययन

डॉ. भगवत सिंह राय
प्राध्यापक (समाजशास्त्र)
श्री अटल बिहारी वाजपेयी
शास. कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय
इन्दौर (म.प्र.)

कु. सरिता बडोले
पीएच.डी शोधार्थी

प्रस्तावनाः– भारतीय समाज शुरू से ही पुरूष प्रधान रहा है। यहाँ महिलाओं को हमेशा से दूसरे दर्जे का माना जाता है। पहले महिलाओं को अपने मन से कुछ करने की सख्त मनाही थी। परिवार और समाज के लिए वे आश्रित से ज्यादा कुछ नहीं समझी जाती थी। ऐसा माना जाता था कि उसे हर कदम पर पुरूष के सहारे की जरूरत पड़ेगी ही। लेकिन अब महिलाएँ केवल घर गृहस्थी संभालने तक ही सीमित नहीं हैं। वे अपनी उपस्थिति हर क्षेत्र में दर्ज करा रही हैं। बिजनेस हो या परिवार महिलाओं ने साबित कर दिया है कि वे हर काम करके दिखा सकती हैं जो पुरूष समझते हैं कि वहाँ केवल उनका ही वर्चस्व है, अधिकार है। जैसे ही उन्हें शिक्षा मिली, उनकी समझ में वृद्धि हुई। खुद को आत्मनिर्भर बनाने की सोच और इच्छा उत्पन्न हुई। शिक्षा मिल जाने से महिलाओं ने खुद पर विश्वास करना सीखा और घर के बाहर की दुनिया को जीत लेने का सपना बुन लिया और किसी हद तक पूरा भी कर लिया।

दुर्भाग्य की बात है कि नारी सशक्तिकरण की बातें और योजनाएँ केवल शहरों तक ही सिमट कर रह गई हैं। एक ओर बड़े शहरों और मेट्रो सिटी में रहने वाली शिक्षित, आर्थिक रूप से स्वतंत्र, नई सोच वाली, ऊँचे पदों पर काम करने वाली महिलाएँ हैं जो पुरूषों के अत्याचारों को किसी भी रूप में सहन नहीं करना चाहतीं। वही दूसरी तरफ गाँवों में रहने वाली महिलाएँ हैं जो न तो अपने अधिकारों को जानती हैं, और न ही उन्हें अपनाती हैं। वे अत्याचारों और सामाजिक बंधनों की इतनी आदी हो चुकी हैं कि अब उन्हें वहाँ से निकलने में डर लगता है। वे उसी को अपनी नियति समझकर बैठ गई हैं।

सशक्तिकरण का अभिप्राय सत्ता प्रतिष्ठानों में स्त्रियों की साझेदारी से है। सशक्तिकरण का पहला महत्वपूर्ण आयाम – समाज में सम्मानजनक स्थान और आत्मविश्वास और स्वाभिमान पर ही आधारित है, समाज में सम्मानजनक स्थान है। महिलाओं को जागरूक तथा साहसी बनाने में दो तत्व सबसे अधिक सार्थक भूमिका निभा सकते हैं। ये हैं शिक्षा और आर्थिक स्वावलंबन, ये दोनों तत्व न केवल महिलाओं में स्वाभिमान और आत्मविश्वास पैदा करते हैं बल्कि उन्हें हर दृष्टि में सशक्त और अधिकार सम्मान दिलाने में सहायक हैं।[1]

महिला सशक्तिकरण अर्थात् महिलाओं को शक्तिशाली बनाना, महिलाओं को वे सारे उपकरण उपलब्ध करवाना जिनकी सहायता से आधी दुनिया उन्नति कर सकती है, आगे बढ़ सकती है। क्यों वे नहीं बढ़ पा रही है, क्यों वे समाज और राजनीति में अपना स्वतंत्र अस्तित्व नहीं बना पा रही हैं। स्पष्ट है कि महिला सशक्तिकरण की दिशा में सबसे बड़ी बाधा, महिलाओं में शिक्षा और जागरूकता की कमी ही है।[2]

दुर्भाग्य की बात है कि नारी सशक्तिकरण की बातें और योजनाएँ केवल शहरों तक ही सिमट कर रह गई हैं। एक ओर बड़े शहरों और मेट्रो सिटी में रहने वाली शिक्षित, आर्थिक रूप से स्वतंत्र, नई सोच वाली, ऊँचे पदों पर काम करने वाली महिलाएँ हैं जो पुरूषों के अत्याचारों को किसी भी रूप में सहन नहीं करना चाहतीं। वही दूसरी तरफ गाँवों में रहने वाली महिलाएँ हैं जो न तो अपने अधिकारों को जानती हैं, और न ही उन्हें अपनाती हैं। वे अत्याचारों और सामाजिक बंधनों की इतनी आदी हो चुकी हैं कि अब उन्हें वहाँ से निकलने में डर लगता है। वे उसी को अपनी नियति समझकर बैठ गई हैं।

वैदिक काल की पूज्या नारी, मध्यकाल की भोग्या नारी और स्वतंत्र भारत की योग्य नारी पर एक नजर डालें तो महिलाओं की स्थिति में काफी परिवर्तन हो रहे हैं। परन्तु प्रश्न यह उठता है कि यदि महिलाएँ अपन परिधानों को फैशन के नाम पर बदलती हैं ता उसका सीधा असर उनके परिवार और समाज पर पड़ता है। रेडियो कार्यक्रम, टेलीविजन तथा समाचार पत्रों की रिपोर्टों को पढ़ने से नारी विषयक मुद्दों पर ज्यादा से ज्यादा ध्यान आकृष्ट किया जा रहा है। मोटरसाइकिल से लेकर साबुन तक के प्रत्येक विज्ञापन में एक आकर्षक महिला मॉडल को उस वस्तु विशेष को खरीदने के लिए आमंत्रित करते हुए दिखाया जाता है।

कई लड़कियाँ व महिलाएँ भी प्रसार माध्यमों से अत्यधिक प्रभावित हो रही है तथा उनकी वेशभूषा में भी बदलाव आया है। परन्तु महिलाओं के हालात अब भी वही है वेशभूषा मात्र बदल लेने से सोच में कोई बदलाव नहीं आया है। वेशभूषा बदल लेने से क्या होता है जैसे–जैसे वैश्वीकरण और औद्योगिकीकरण का विकास हो रहा है। महिलाओं के वेशभूषा में परिवर्तन आ रहा है। प्राचीन काल में महिलाओं के साथ यौन अपराध नहीं होते थे। परन्तु औद्योगिकीकरण के आने से महिलाओं के वेशभूषा मे परिवर्तन हुआ है, जिससे यौन–अपराध बढ़ता जा रहा है। औद्योगिकीकरण के कारण महिलाएँ आधुनिक परिधानों का उपयोग करने लगी है। क्लबों में घूमने लगी हैं। महिलाओं की सोच, उनके विचारों में परिवर्तन होने लगा है। दिनोंदिन शहरों में कुछ न कुछ घटनाएँ जरूर घटित होती हैं। अखबार की सुर्खियों में बलात्कार एवं छेड़छाड़ की खबरें अधिक देखने को मिलती हैं। ये सब वारदातें सिर्फ महिलाओं की वेशभूषा से ही नहीं बल्कि पुरूषों के घिनौने मानसिकता के कारण होती है।

यदि महिला सशक्तिकरण की बात करें तो महिलाएँ चाहें वे शहर की महिलाएँ हो या फिर गाँव की। आज अपने अधिकारों के प्रति सजग हो गई हैं। एक तरफ महिलाओं के संस्कार की बात करें तो वे भारतीय वेशभूषा और पारम्परिक परिधानों से सुसज्जित नजर आती है तो क्या वे महिलाएँ सशक्त नहीं है? बड़े शहरों और पश्चिमी देशों की बात करें तो वहाँ की महिलाएँ अपने परिधानों में आधुनिक कपड़ों और जीन्स, टी–शर्ट का प्रयोग करती हैं। ऐसा नहीं है कि जो महिलाएँ आधुनिक कपड़े पहनती हैं, वे अधिक सशक्त हैं। महिलाएँ सशक्त होती हैं तो अपने हौंसले, अपने अधिकारों और अपने मन में ऊँचे विचारों से परन्तु कभी–कभी महिलाएँ अपनी स्वतंत्रता का दुरूपयोग करती हैं और अश्लील परिधान पहनती हैं और इसी कारण यौन अपराध और यौन शोषण को बढ़ावा मिलता है। परन्तु व्यक्ति हमेशा वेशभूषा से नहीं अपने विचारो और अपने अच्छे कामों से पहचाना जाता है। उसके लिए जरूरी है तो सिर्फ और सिर्फ लोगों को अपनी मानसिकता बदलने की। क्योंकि बीते वर्ष भारतीय टेनिस खिलाड़ी सानिया मिर्जा पर भी उनके शॉट स्कर्ट को लेकर काफी बहस छिड़ी और मीडिया में भी इस खबर को काफी उछाला गया। परन्तु क्या हुआ समय के साथ–साथ लोग इस बात को भूलते चले गये और सानिया मिर्जा अपने लक्ष्य और अपने सपनों को आँखों में सजोकर आगे बढ़ती चली गई और आज उन्हें राजीव गाँधी खेल रत्न अवार्ड से सम्मानित किया गया। अगर महिला किसी भी तरह की

वेशभूषा पहने परन्तु अपने अधिकारों के प्रति जागरूक और आवाज उठाये तो वह भी बुलंदियों की चरम सीमा पर वर्चस्व स्थापित करने में किसी भी हद तक पीछे नहीं रहेगी।

उद्देश्य :–

- महिला सशक्तिकरण एक बहुआयामी प्रक्रिया है जिसका उद्देश्य महिलाओं की सामाजिक एवं आर्थिक दशा में सुधार लाकर उन्हें इतनी शक्ति तथा सामर्थ्य प्रदान करना है कि वह सामाजिक, आर्थिक परिवर्तन एवं विकास का साधन बन सके और महिलाओं द्वारा स्वयं के शरीर पर, अपने पोषाक, अपने रहन–सहन और सामुदायिक संसाधनों पर नियंत्रण कर पाना भी उनका सबलीकरण है।

निष्कर्ष :–

महिला सशक्तिकरण के अन्तर्गत सामाजिक स्तर पर महिलाओं में आत्मसम्मान, स्वाभिमान, आत्मविश्वास जागृत करना तथा आर्थिक स्तर पर महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाना शामिल किया गया है। इसके अलावा महिलाओं की नीति निर्माण में हिस्सेदारी बढ़ाने पर जोर दिया गया जिससे महिलाएँ सामाजिक, आर्थिक व राजनीतिक रूप से सामर्थ्य प्राप्त कर सके। महिला सशक्तिकरण के लिए केन्द्र सरकार, राज्य सरकार एवं स्वयं सेवी संगठनों द्वारा अनेक प्रयास समय–समय पर किए गये हैं।

संदर्भ ग्रंथ सूची :–

01. सुभाष सेतिया : महिला सशक्तिकरण : ग्रामीण संदर्भ, पृ–295
02. सिंह मिनाक्षी निशांत : 2006, महिला सशक्तिकरण का सच, ओमेगा पब्लिकेशन, नई दिल्ली
03. सीमोन द बोउवार, 2008, स्त्री उपेक्षिता, अनु. प्रभा खेतान, हिन्द पॉकेट बुक्स, नई दिल्ली
04. के.एम. कपाड़िया, 2005, मैरिज एंड फेमिली इन इंडिया, आक्स्फोर्ड, कलकत्ता
05. सत्ता सिंहल, 1991, भारतीय संस्कृति में नारी, पश्मिल पब्लिकेशन्स, नई दिल्ली
06. जैन प्रकाशचन्द्र, 2007, भारतीय सामाजिक व्यवस्था, नेशनल पब्लिशिंग हाऊस, जयपुर (राज)
07. पाण्डेय तेजस्कर, 2013, भारत में सामाजिक समस्याएँ, मैकग्रा हिल्स एजुकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नई दिल्ली (चतुर्थ संस्करण)

Importance of Human Rights

Dr. R.B. Gupta
Professor of Commerce
Shree Atal Bihari Vajpai
Govt. Arts & Commerce College
Indore (MP)

Dr. Niolfar Qureshi
Guest Faculty
Department of Commerce

Introduction: "Human Rights" means the rights relating to life, liberty, equality and dignity of the individual guaranteed by the constitution or embodied in the International covenants and enforceable by courts in India. "Commission" means the National Human Rights Commission constituted under section of all human beings are born free and equal in dignity and rights known as Human rights, as commonly understood, are the rights that every human being is entitled to enjoy freely irrespective of his religion, race, caste, sex and nationality, etc. In Declaration of Independence acknowledged the fundamental human rights. Human right means different thing to different people. Human Rights are not static. New rights are recognized and enforced from time to time. Only persons fully conversant with the latest development about the expanding horizons of Human Rights can promote their awareness better than others.

The **National Human Rights Commission** (NHRC) of India is an autonomous public body constituted on 12 October 1993 under the Protection of Human Rights Ordinance of 28 September 1993. It was given a statutory basis by the Protection of Human Rights Act, 1993 (TPHRA). The national human rights institution responsible for the protection and promotion of human rights, defined by the Act as "rights relating to life, liberty, equality and dignity of the individual guaranteed by the Constitution or embodied in the International Covenants".

Composition:

The NHRC (National Human Rights Commission) consists of:

A Chairperson retired Chief Justice of India

One Member who is, or has been, a Judge of the supreme court of India.

One Member who is, or has been, the Chief Justice of a High Court

Two Members to be appointed from among persons having knowledge of, or practical experience in, matters relating to human rights

In addition, the Chairpersons of four National Commissions of

(1.Minorities 2.SC 3.ST 4.Women) serve as ex officers members.

Appointment

Sections 3 and 4 of TPHRA lay down the rules for appointment to the NHRC. The Chairperson and members of the NHRC are appointed by the President of India on the recommendation of a committee consisting of:

The Prime Minister (chairperson)

The Home Minister

6	9028	18.8	6877	11.65	14267	20.35	16237	21.65	20668	23.72	12951	15.85
7			9391	15.9	9974	14.22	12872	17.17	16328	18.74	13130	16.07
8												9.95
Total	**48032**	**100**	**59037**	**100**	**70130**	**100**	**74987**	**100**	**87140**	**100**	**81702**	**100**

Figure no. 1 Distribution of Total Population of Mhow Cantonment



The Ward wise distribution of population of Mhow town for the year from 1961to2011 has been analyzed. The adjoining map explains that low population was seen in ward number one during 1961, 1991,2001 and 2011 but in 1971 and 1981 ward number one shows moderate growth in population.(Map no. 1)

In1961ward number five recoded highest population due to army population and other all wards registered moderate population .During 1971 only ward number two, three and seven had high population and other all ward recoded moderate population. In 1981 only ward number five and six recorded high population and other all ward registered moderate growth. During 1991 and 2001 ward number six and seven recorded high population. But in 2011 ward number five was in high category.



Figure no. 2

Distribution of Total Male Population of Mhow Cantonmen(1881-2011)



Figure no. 3

Distribution of Total Female Population of Mhow Cantonment(1881-2011)





References :

01. **Mahadev, P.D.** (1986): *Urban Geography,* India Heritage Publishers, New Delhi.
02. **Malcolm, J.** (1823): *A Memoir of Central India Malwa and Adjoining Provinces*, London John Munay Albemarle Street.
03. **Mazid, H.** (2009): *Urban Geography: A Global Perspective,* Routledge, London.
04. **Reddy, K.V.** (1984): *On-going Functional and Structural Transformation of a Cantonment Area: A Case Study of Secunderabad Cantonment*, Annals of The National Association of Geographers, India, Vol. IV, No.1, June, pp. 70-76.
05. **Sharma, K.D.**(1993):*Cantonment Town of India: Island in the Urbanization Stream,* Urbanization Trends, Perspective and Challenges, Edited by Jaymala Didee and Vimla Rangaswamy, Rawat Publication, Jaipur .
06. **Sharma, P.K. & Parthi, K.** (2002): *Urbanization in the Chandigarh Periphery Zone*, Population Geography, Vol. 24, No.1and 2, pp. 89-98.
07. https://en.m.wikipedia.org/wiki/cantonment.
08. https://en.m.wikipedia.org/wiki/Mhow.

GST in India - Salient Features

Dr. Sandhya Goel
Assistant Professor (Political Science)
Shri Atal Bihari Vajpayee
Govt. Arts and Commerce College
Indore

The well awaited era of GST is started after the bill received assent of Hon'ble President and constitution of GST Council has also been notified. The whole country is delighted to experience the most awaited GST era.

Now-a-days, GST is a very hot topic in discussion. GST implementation is the top priority for the Government. All of us have heard so many information on the Goods and Services Tax. Some are having opinion that GST will take away the cascading impact of taxes and some are saying GST is "one nation and one rate". The main reason to implement GST is to abolish the cascading effect on tax.

The word GST stands for Goods and Services Tax. Is it a new tax? No, it is a new mechanism of taxing goods and services which are presently already taxed but differently. GST could be called a comprehensive tax on goods and services consumed in the country instead of multiplicity of taxes charged by States of India and Union of India. It is levied at each stage of Production-Distribution chain with appropriate credit of taxes paid at the previous stage. The dual GST model is being implemented in India, wherein the Union Govt. and State Govt. will concurrently tax the goods and services. Union Govt. share will be called CGST and States share will be called SGST. The Union Govt. and State Govt. will legislate separately but the Union legislation and State legislation will be similar for most of the features of legislation. Following are the salient features of GST being implemented in India.

1. Constitutional Amendment Bill:

Under the scheme of Constitution of India, taxation powers are divided between Union and States of India.

Union of India is empowered to tax the following:

a) Customs duty (on imports of goods into India)
b) Excise duty (on manufacture of goods)
c) Service Tax (on provision of services in India)

States of India are empowered to tax the following:

a) Sales Tax/VAT (on sale of goods)

b) Central Sales Tax (on inter-State sale of goods)
c) Entry Tax (on entry of goods into States)
d) Purchase Tax
e) Entertainment Tax
f) Luxury Tax
g) Taxes on lottery, betting, gambling.

With passing the Constitutional Amendment Bill, Union of India will get power to tax goods beyond the stage of manufacture i.e. till the last stage of sale to consumer and also to charge GST on inter-State transactions. The States of India will get power to tax the services. The Amendment Bill will also enable setting up of GST Council, a council of Union of India and States of India which will take all principal decisions in respect of GST law.

2. Taxes to be subsumed in GST:

Following taxes will be subsumed in GST -

a) Central Excise duty
b) Customs duty [Additional Customs duty (CVD) and Special Additional duty of Customs (SAD)]
c) Service Tax levied under Finance Act, 1994
d) State VAT
e) Central Sales Tax (CST)
f) Entry Tax
g) Purchase Tax
h) Octroi
i) Entertainment Tax
j) Luxury Tax
k) Tax on lottery, betting and gambling (1) Tax on advertisements.

3. Registration under GST:

All the existing taxpayers will be automatically migrated to GST on the appointed date. They will be issued a provisional certificate valid for a period of 6 months. Within this period, the taxpayer will be required to submit information as desired. The taxpayers who request for cancellation of their registration or who fail to file the desired information will discontinue to be registered taxpayers.

The new taxpayers under GST are required to make an application on GST portal within 30 days of his becoming liable for registration. The registration number will be PAN based. Except for Govt., non-residents and certain international agencies, having a PAN is a

prerequisite for registration under GST. Normally there will be one registration for each State but multiple registrations for each business vertical could also be allowed subject to conditions. The application for registration will be made in GST portal for one or multiple States in India.

4. *Supply - taxation event:*

Manufacture of goods is a taxable event for Central Excise and it is collected at the time of removal of goods from the registered premises of taxpayer. Transfer of property of goods is a taxable event in State VAT or Central Sales Tax Acts. Rendition of service is a taxable event for charge of Service Tax and Service Tax is collected earlier of receipt of consideration, issue of invoice or provision of service.

Under GST, supply of goods and services will be taxable event for charging of GST. Supply has been defined to include Sale, Transfer, Barter, Exchange, License, Rental, Lease or disposal. The tax on supply will be collected at earlier of the following events:

(a) Removal of goods
(b) Receipt of payment including advance payment
(c) Issue of invoice
(d) Receipt of goods in the books of recipient.

5. Input tax credit :

The taxpayer is eligible to avail input tax credit on inputs and input services subject to the following conditions:

a) To be availed within one year of date of invoice subject to maximum of following December for any financial year.
a) Proportionate credit is eligible in case inputs or input services are used partly for business and partly for other than business activities.
b) Receipt of goods and service, availability of invoice, actual payment of tax shown on such invoice and filing of return are the precondition for availing ITC.
c) Input tax credit is not available on Rent-a-cab service, works contract services resulting in immovable property, catering services or other services meant for consumption and tax paid to composition dealer.

6. GST payable calculation:

On intra-State supply of any goods and services, SGST and CGST will be charged at the rate to be decided by GST Council. The SGST and CGST will be concurrently charged on the same value. Example: In case SGST and CGST rates are fixed at 10% each. Goods valuing Rs. 100 will have SGST of Rs. 10/- and CGST of Rs. 10/-.

On inter-State supply of goods and services, IGST will be charged in place of SGST and CGST.

The ITC of SGST is allowed to be set off against output liability of SGST and ITC of CGST is allowed to be set off against liability of CGST. The ITC of IGST is eligible to be set off against payment of IGST, CGST and SGST in the same order.

7. Excess credit:

The balance input tax credit after payment of output GST liability is allowed to be carried forward for any length of time till the business continues. The refund of excess input tax credit can be taken only in respect of export of goods and services or when the GST rate on input goods and services is more than the output GST rate. In this case refund can be sought only for the rate difference of inputs and output GST.

8. Tax credit on capital goods:

For the purpose of availing input tax credit, no difference has been made in input, input services and capital goods.

However at the time of removal of capital goods, GST will be payable at higher of:

(e) Transaction value

(f) Value at the time of receipt minus the %age on account of period of use of capital goods. Example: Presently in Excise 2.5% per quarter is allowed to be deducted towards the deduction for usage of capital goods. The said percentage is yet to be decided in GST.

9. Inter-State transactions:

GST is a consumption tax based on destination principle. Where as CST is an origin based tax. CST is collected by the State from where goods originate. Under GST, the tax will belong to the destination State in inter-State transaction of supply of goods and services. Thus in GST a tax called IGST (Inter-State GST) will be collected at the time of transfer of goods and services from one State of India to another State. IGST is not a tax but only a medium by which tax collected by the origin State is taken to the destination State.

IGST will be collected by Union Govt. and the amount lying in IGST will belong to Union Govt. (equal to CGST) and the destination State (equal to SGST). Thus, through IGST system, Central Govt. will act as a clearing house for settlement of inter-State transactions between various States of India.

10. Branch transfers:

Branch transfers under GST will be taxable as any other supply under GST.

Any input tax credit reversed on branch transfers prior to appointed date i.e. the date on which GST becomes operational, will not be eligible for input tax credit on appointed date. Thus to avoid sufferings, branch transfers before appointed date should be planned.

11. Export transactions:

Exports of goods and services will continue to be taxed at zero rate under GST. Therefore, the input tax credit on inputs and input services used for making exports will be eligible for refunds.

12. Job work under GST:

With the special permission of Commissioner, principal manufacturer is eligible to send the inputs or semi-finished goods for job work to any job worker without payment of tax provided the job worked goods are received back by principal manufacturer within 180 days of dispatch to job worker.

Principal is eligible to have his inputs received directly at the premises of job worker. Similarly, principal is eligible to get the goods dispatched to his customer directly from the premises of job worker rather than first taking them back at his premises.

13. Opening stocks:

The already registered taxpayers on the appointed day will be eligible for opening input tax credit equal to the amount which is shown as closing balance of input tax (VAT law plus Excise law) in their returns filed under earlier law immediately before the appointed date.

The taxpayers which were not required to be registered under the earlier law or taxpayers who were dealing in exempted item as per earlier law but their item becomes taxable under GST would be eligible to claim input tax credit of taxes suffered in respect of stocks of inputs, semi-finished goods or finished goods held by them on the appointed day provided

(a) They are in possession of invoices showing such tax in respect of such stocks.
(b) (b) These invoices are not older than 12 months immediately preceding the appointed date.

14. Incentive schemes:

All the incentive schemes will come to an end on implementation of GST. To fulfil the commitments under these incentive schemes for the balance period of schemes, the respective Governments will provide an alternative scheme beyond GST to compensate the trade and industry who have been promised benefits under these schemes. By this method there will not be any break in the value chain and GST chain will also not break

15. Returns under GST:

Returns is one of the key feature of GST. All the returns will be filed on the GST network. There is no exemption to even NIL return. The taxpayer will not be able to file a return unless all the valid returns for previous period have been duly filed A valid return can be filed only if the tax shown due in the return has already been paid. Following returns will be required to be filed under GST.

(a) Return of outward supply by 10th of following month

(b) Return of inward supply by 15th of following month - To be made on the basis of outward supply return

(c) Regular monthly return by 20th of following month

- Will include details of inward supplies, outward supplies, ITC, tax payable and tax deposit details.

(d) Composition supplier return by 18th of following month Quarterly return

(e) Annual return by 31st December

Along with financial statements and reconciliation statement.

16. Matching and reclaim of input tax credit:

Matching of transactions is an important feature of GST in India. Each inward transaction will be validated against the outward transaction of respective supplier. Similarly each input tax credit claimed by a recipient will be validated with the payment records of supplier. The transactions which remain unmatched will not be given effect to in the records of the other party. In this regard, following procedure will be adopted:

(a) Inward supply entries will be matched against outward supply entries of supplier, Customs duty records for CVD and SAD credit and own record for duplication of entries. ITC on matched entries will be accepted and informed. Effect of non-reconciled entries will be added to output tax liability of recipient and he will be required to pay the additional amount along with interest.

(b) Credit notes of supplier reducing his tax liability will be matched with reduction of ITC by recipient or for its duplication. Reduction Of tax liability on matched entries will be accepted. Effect of non- reconciled entries will be added to output tax liability of supplier. Besides tax, supplier will be required to pay interest thereon.

7. Small dealers:

The option of composition scheme has been made for suppliers having annual turnover of less than 50 lacs. Such supplier instead of paying regular tax re eligible to pay an

amount in lieu of their tax liability which will not be less han 1% of the turnover.

Such supplier have been barred from making an inter-State transaction. Such composition person will not be entitled to collect tax from his customers. He will also not be entitled to avail input tax credit on his inward supplies.

8. Tax deduction at source:

Where total value of supplies of taxable goods and services is in excess of 10 lacs, then the recipient will be obliged to deduct tax @ 1% from any payment or credit made to supplier of such goods and services. The deductor will have to deposit this tax before 10th of the following month. Post-deduction, deductor will be required to issue certificate of deduction of tax to such supplier within a period of 5 days of deposit of tax. The certificate will have the information of Contract Value, Rate of Tax, Tax deducted, Tax deposited. The respective supplier will be eligible to get credit in his electronic ledger on the basis of such certificate

References

01. "The Economist-India Summit, 2016"
02. Time Trim – Lawcrux Advisors(P) ltd
03. Tax India Online
04. Excise law Times- Centax Publications Pvt Ltd
05. Economic Times

भारत में गौरक्षा का इतिहास

डॉ. प्रेरणा ठाकुर
प्राध्यापक – इतिहास
श्री अटल बिहारी वाजपेयी
शास. कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय
इन्दौर (म.प्र.)

शोध – संक्षेप

भारत में वैदिक युग से ही गौरक्षा की परम्परा रही है। महाकाव्य युग, मौर्य, गुप्त, एवं राजपूत युग तक परंपरा अक्षुष्ण रही। यहॉ तक कि मुगलकाल में भी बादशाह अकबर तथा जहॉगीर ने गौहत्यारो के लिये मृत्युदंड निश्चित किया था किंतु अंग्रेजो के भारत पर अधिकार के पश्चात अंग्रेजो के गौमांस भक्षी होने के कारण सैनिकों और अधिकारियों के लिये गौमांस की व्यवस्था की जाने लगी। 1857 की क्रांति के अनेक कानणों में गाय की चर्बी लगे कारतूस भी एक बड़ा कारण थे। स्वतंत्रता आंदोलन के अनेक नेताओं ने समय–समय पर गौरक्षा के लिये प्रयास किये थे जैसे मदनमोहन मालवीय , लोक मान्यतिलक स्वामी श्रद्धानंद , दयानंद सरस्वती आदि किंतु अफसोस कि आज भी स्वतंत्रता के 68 वर्षों के पश्चात हम गौरक्षा के मोर्चे पर सफल नहीं हैं।

शब्द – कुंजी

1. गौ रक्षा – गायों की रक्षा
2. जिसे मारा–पीटा या कष्ट न पहुॅचाया जाय जिसका वध न किया जाये।
3. बॅदायुनी – अकबर कालीन फारसीलेखक व अनुवाद
4. श्रुति – वेद

सर्वे भवन्तु सुखिनः का चिन्तन रखने वाला भारत एक आध्यात्मप्रधान देश है। भारत में अपने स्वार्थ की सिद्धी के लिए किसी भी प्राणी को कष्ट देना अथवा उसकी हत्या करना अधर्म माना गया है। भारतीय संस्कृति ने इसे कभी स्वीकार नहीं किया। जहॉ तक गाय का प्रश्न, प्रारंभ से ही हमाने ऋषि–महर्षि और मनीषियों ने गाय को संसार का सर्वश्रेष्ट प्राणी माना और इसे 'गावों विश्वस्य मातृः' अर्थात् गाय विश्व की माता है कहकर संबोधित किया।

अनादि काल से ही गाय को वेदों में अघन्या कहकर यह दर्शाया गया है कि गाय अवध्य है अर्थात किसी की स्थिति में गाय का वध नहीं किया जा सकता। अघन्या का अर्थ है जो न तो स्वयं किसी को कष्ट पहुॅचाये और न अन्य किसी के द्वारा मारीपीटी और क्लेश पहुॅचायी जाये। इसलिये प्रारंभ से ही भारतीय गौवंश को राज्य का संरक्षण प्रदान किया और इसे अवध्य माना अर्थात् उन दिनों में गौवध करने वाले को प्राणदंड दिया जाता था। हिंदू सम्राटों के समय तो गौवध तो पूर्ण प्रतिबंध रहा है, राजपूत युग में भी यह क्रम चलता रहा मुगल बादशाहों के शासनकाल में भी योग्य शासकों ने अपनी दूरदर्शिता के आधार पर प्रजा में परस्पर सौमनस्यता बनाये रखने की दृष्टि से गौवध पर पूर्ण प्रतिबंध रखा। ब्रिटिश शासनकाल में इस प्रतिबंध में शिथिलता आने लगी और गौहत्या का पाप प्रांरभ हो गया जो आज तक निरंतर जारी है। देश में गौहत्या का कलंक मिटाने के लिए ही स्वतंत्रता–संग्राम का प्रांरभ हुआ। 1857 के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम में चर्बी वाले कारतूसों की भूमिका सर्वविदित है। स्वतंत्रता–संग्राम के प्रमुख कर्णधारों ने यह घोषणा की थी कि स्वराज्य प्राप्त होते ही गौहत्या का काला कलंक सबसे पहले मिटेगा जबकि आज स्वतंत्रता प्राप्त किये 68 वर्ष बितने के बाद श्री रामकृष्ण, बुद्ध, महावीर, गुरूनानक और गुरूगोविंद सिंह की इस पवित्र भूमि पर अभी तक गौरक्त गिरना बंद नहीं हुआ। स्वयं महात्मा गॉधी तक कहा था कि ''हम स्वतंत्रता के लिये कुछ समय तक रुक भी सकने हैं, पर गौहत्या होना हमें एक दिन भी सहन नहीं।''

स्वराज्य प्राप्ति के बाद गौहत्या बंदी कानून बनने की आशा क्षीण होने पर यहॉ की जनता, बुद्धिजीवियों और संत महात्माओं ने गौवध बंदी के लिये अहिंसात्मक आंदोलन और सत्याग्रह किये, जेल यातनाऍ सही, बलिदान और कुर्बानियॉ दीं।

वि व के पुस्कालय में ऋग्वेंद सर्वप्राचीन व सर्वप्रथम ग्रंथ है। यह विश्व के जीव मात्र को आदेश देता है कि गौ अदिति तथा अनागा है इसका वध न करो। गौ को अदिति कहकर वेद ने अमृतत्व का प्रतीक बताया है। अमृतत्व स्वयं अमर होकर औरों को अमृत होने का मार्गदर्शक और प्रेरक है इसकी रक्षा और वृद्धि से समस्त विश्व सुरक्षित और समृद्ध होगा अतः भारतीय संस्कृति के प्राचीन चिंतकों ने इसको सदा पूज्य और अपने तथा विश्व के जीवन का केंद्र मानकर इसकी सदा पूजा और रक्षा मातृ सदृश की। भारतीय जीवन के सभी क्षेत्रों में गौ का अनुपम मातृ समान सहयोग है, इसलिये 'गावो विश्वस्य मातरः' कहा गया है। अथर्ववेद में कहा गया है –'अघन्यानां नः पोषे कृणोतु'

महाभारत के शांति पर्व में भीष्म ने सुस्पष्ट रूप से कहा है– गौ को अघन्या (अवध्य) कहा गया है फिर कौन उन्हें मारने का विचार करेगा ? जो पुरुष गाय और बैलों को मारता है, वह महान पाप करता है –

अघन्या इति गवां नाम क एता हन्तुर्हति ।

महच्चकाराकुशलं वृषं गां वा ऽऽ लभेत् तु यः ।।

गाय के लिये अघन्या , माता , अर्जुनी , सुरभी , माहेयी , अदिति , इज्या , कल्याणी तथा मद्रा आदि शब्दों का प्रयोग ही उसके सम्मानजनक होने का साक्ष्य है। भगवान बुद्ध करुणा के अवतार थे। उनके मन में संसार के समस्त प्राणियों के लिये समान दया थी। बुद्ध ने जनता को गौ तथा गौवंश की उपयोगिता बताकर गौवध न करने की शिक्षा दी। भगवान बुद्ध गाय की उपयोगिता को सर्वोपरि स्थान देते थे। गाय को माता–पिता के समान उपकारी बताते हुए वे गाय को सुख का मूल स्त्रोत समझते थे –

यथा माता–पिता भ्राता , अञत्रे वादि च जातका।

गावो नो परमा मित्ता , यासु जायन्ति औसधा ।।

अन्नदा बलदा चेता वण्णदा , सुखदा तथा ।

एवमत्थवर्स ञत्वा नास्सु गावो हनिं सु ते ।।

जैसे माता–पिता, भाई, कुटुम्ब परिवार के लोग है वैसे ही गाये भी हमारी परम मित्र, परम हितकारिणी हैं। जिनके दूध से दवा बनती है। गाय अन्न, बल, रूप–सौन्दर्य तथा सुख को देने वाली है। गाय के प्रति भगवान बुद्ध की ऐसी उदात्त व पवित्र भावना देखकर उनके अनुयायियों ने भी गायों को आदर की दृष्टि से देखा।

बौद्ध धर्म के कुलवग्ग सुत्र नायक ग्रंथ में जीवों को क्षति पहुॅचाना हिंसा करना काटना आदि निषिद्ध कर्म बताये गये है। कौटिल्य ने अपने अर्थशास्त्र में गौरक्षा पर राजा को पूर्ण ध्यान देने के लिये आदेश दिया है। हिंसा का निषेध करने वाले बौद्ध तथा जैन धर्म में गौवंश के वध का प्रश्न ही नहीं उठता। इसीलिये सम्राट अशोक ने बौद्ध धर्म से प्रेरित होकर अपने राज्य में पशुवध को कानूनन बंद कर दिया। गाय–बैल आदि प्राणियों की हत्या न करने की आज्ञाऐं अशोक के शिलालेखों में प्राप्त होती है।

प्रख्यात चीनी यात्री होनसांग सम्राट हर्षवर्धन के संबंध में लिखा है– 'उनके राज्य में प्राणी हिंसा करने वाले के लिये कठोर दंड था उन्होंने अपने राज्य में मांस भक्षण ही बंद कर दिया था, गौहत्या और गौ मांस भक्षण की तो बात ही क्या।

दसवीं शताब्दी तक भारती गौवंश के लिये स्वर्गभूमि की भांति था। मेहमूद गजनवी के आक्रमण से पूर्व मुसलमान सूफी संत भारत में आकर साधना करने लगे थे पर वे सभी गाय को आदर की दृष्टि से देखते थे। मुगल काल में अकबर ने गौवध को कानूनन बंद कर हिंदू प्रजा का स्नेह प्राप्त किया।

अकबर कालीन जैन संत हीरविजय सूरि का नाम विख्यात है अकबर पर इनका बड़ा प्रभाव था। शंत्रुजय पर्वत पर आदिनाथ के मंदिर के द्वार पर सन् 1593 में जो संस्कृत शिलालेख लगाया गया है कि अकबर के काल में गौ, बैल और भैंस की हत्या के विरूद्ध आदेश जारी किये गये थे। 15 जून 1584 को हीरविजय सूरि जी दिये गये फरमान में लिखा है कि गुजरात में रहने वाले हीरविजय जी तथा उनके शिष्यों की अलौकिक पवित्रता और उग्र तम की ख्याति सुनकर बादशाह ने उन्हें दरबार में बुलाया था। विदा होने समय उन्होंने बादशाह से जो विनती की थी उसके अनुसार यह ताकीद की जाती है कि पर्यूषण उत्सव के 12 दिनों में जैन आबादी के किसी शहर में किसी भी पशु की हत्या न की जाये। हीरविजय जी को दिये गये दूसरे फरमार में यह लिखा है कि मुगल साम्राज्य के श्वेताम्बर पंथियों के जो तीर्थ स्थान है वे सब जैनों सुपुर्द किये जायें ताकि वहॉ किसी प्राणी की हत्या ना हो।

गुरू गोविंद सिंह जी ने तो खालसा पंथ की स्थापना गौघात का कलंक मिटाने के उद्देश्य से की थी। गुरू तेज बहादुर , गुरू अर्जुन देव के बलिदान भी हिंदू धर्म व गौ माता की रक्षा के लिये हुए।

गुरू गोविंद सिंह जी ने अपनी पुष्कर यात्रा के दौरान यह कहा था कि खालसा पंथ का ध्येय यही है

यही देहू आज्ञा तुर्क गाहौ खपाऊँ ।
गऊ घातका दोष जग सिउ मिआऊँ ।।
सकल हिंद सिउ तुर्क दुष्टां बिदारहु ।
धप्य की ध्वजा कउ जगत् में झूला रहू ।।
स्कल जगत यहि खालसा पंथ गाजै ।
जगै धर्म हिन्दुन सकल धुंध भाजै।।

चण्डी दी वार

कूका वीरों ने पंजाब में अनेकों जगह अंग्रेजो द्वारा स्थापित बूचड़ खानों को तोड़कर गौ हत्यारों को मार डाला था। बंदा बहादुर ने भी गौरक्षा के संबंध में अपने विचार रखे है।

1857 के प्रथम स्वतन्त्र्य–समर गौ हत्या से उत्पन्न आक्रोश का ही परिणाम था जब अंग्रेज सरकार ने कारतूसों में गाय की चर्बी का प्रयोग शुरु किया तो गौ भक्त भारतीय सैनिक यह सहन नहीं कर पाये कि विदेशी विधर्मी अंग्रेज सरकार गाय की चर्बी के माध्यम से उनका धर्म भ्रष्ट करे। मंगल पांड़े ने बैरखपुर छावनी में चर्बी वाले कारतूसों को लेने से इनकार करके खुला विद्रोह किया था। स्वतन्त्र्य वीर सावरकर ने 1857 का प्रथम स्वतंत्रता संग्राम नायक ग्रंथ के अनेक तथ्य प्रस्तुत कर यह स्पष्ट किया है।

स्वतंत्रता आंदोलन के दौरान आर्यसमाज द्वारा गौरक्षा आंदोलन चलाया गया स्वामी श्रद्धानंद ने इस क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य किया। सहायता मदनमोहन मालवीय जी ने देश में अनेक स्थानों पर सभाओं में घोषणा की थी कि देश के स्वाधीन होने ही गौ हत्या का कलंक मिटाया जायेगा। 1921 में असहयोग आंदोलन के दौरान गोपाष्टमी गॉधी की उपस्थिति में हुए सम्मेलन में सर्वसम्पति से पारित प्रस्ताव में कहॉ था – अंग्रेजी राज्य में गौहत्या होती है, अतः इस राज्य से सहयोग नहीं किया जाये। इस ऐतिहासिक सम्मेलन की अध्यदाता लाला लाजपत राय ने तथा स्वागताध्यक्षतः हकीम अजमल खान ने की थी इस भारतीय स्वाधीनता संग्राम के पीछे की गौभक्ती तथा गौरक्षा की भावना बहुत बड़ा योगदान रहा।

संदर्भ ग्रंथ सूंची :

01. अथर्ववेद गौ 5/4/2
02. महाभारत – शांति पर्व
03. कल्याण – गौ सेवा – अंक
04. अकबर – सुरेशमिश्र
05. प्रथम स्वतन्त्र्य समर – सावरकर
06. कॉग्रेस का इतिहास – पद्दाभि सीतारमैया
07. गुरूगोविंद सिंह – चंडी दी वार (मार्कण्डेय पुरा सप्त रहा)

मीराबाई का सम्पूर्ण जीवन महापरिवर्तन का मार्ग है

डॉ. प्रीति चौहान
अतिथि विद्वान – दर्शनशास्त्र
श्री अटल बिहारी वाजपेयी
शास. कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय
इन्दौर (म.प्र.)

भूमिका : हिन्दी साहित्य में भक्तिकाल सभी कालों में स्वर्णिम काल के रूप में जाना जाता रहा है। भक्तिकाल को मुख्यरूप से सगुण धारा व निगुर्ण धारा में विभाजित किया गया है। सगुण धारा में ईश्वर को साकार रूप में मानकर मूर्तिपूजा को प्रतीकात्मक तौर पर मानवीय जीवन से बहुत समीप माना गया। भक्त का ईश्वर भी मूर्ति स्वरूप में मानवीय आचरण से तथा नियमों से बंधा हुआ था। मूर्तिपूजा के स्वरूप में ईश्वर को मानवीय नित्यकर्मों को भक्ति भावना से ओत प्रोत होकर इसका भक्तिकाल में मार्मिक वर्णन किया गया है। इस काल के साहित्य में अधिकांश तौर पर श्रीराम व श्रीकृष्ण की बाल लीलाएं तथा रासलीला का वर्णन किया गया है।

सगुण भक्ति धारा में मुख्यरूप से तुलसीदास ने श्रीराम के बालस्वरूप का मार्मिक वर्णन किया है वहीं सूरदास , रहीमखान खाना , रसखान,मीराबाई, इत्यादि उस काल के मुख्य साहित्यकारों ने भक्ति भाव को अत्यंत मानवीय संवेदनाओं के रंगों से रंग दिया है।

निगुर्णधारा में ईश्वर निगुर्ण, निराकार है। ज्ञानमार्ग से ब्रह्मा तक पहुंचने का मार्ग बताते हुए ब्रह्म तत्व से संबंधित वर्णन इस काल के साहित्यकारों ने किया है। ज्ञानमार्ग के सबसे बड़े साहित्यकार निगुर्णधारी कबीरदास जी हैं, जो हिन्दू मुस्लिम धर्म में व्याप्त रूढियों पर सहज प्रहार कुछ इस तरह करते हैं।

''पोथी पढ़–पढ़ जग मुआ, पण्डित भया न कोय,
ज्यों पढ़े ढाई आखर प्रेम का, ज्यो पण्डित होय''

''पत्थर पूजत हरि मिले , मैं पूजों पहाड़,
तेसे चाकी भली, पीस खाये संसार''

भक्तिकाल में सगुण व निगुर्णधारा को भक्तिमार्ग व ज्ञानमार्ग के रूप में जाना गया है। दोनों ही मार्ग साधन स्वरूप हैं पर साध्य तो ब्रह्म तक पहुंचना है। भक्तिभाव आम जनमानस के ह्रदय की अभिव्यक्ति का मार्ग बना। इस युग के तुलसीदास, सूरदास मीराबाई के पद्य वर्तमान युग में भी अत्यंत प्रसिध्द है।

उद्देश्य :

ओशो ने अपने प्रवचनों में कई साहित्यकारों पर अपने विचार सहजरूप में रखे हैं। ओशो ने कबीरदास, शेख फरीद, राबिया, सदना, नामदेव, दादू दयाल, पीपा, भीकन, सूरदास, तुलसीदास, रसखान, रहीमखान खाना, मीराबाई इत्यादि साहित्यकारों के माध्यम से ज्ञान तथा भक्ति मार्ग की अलख जगाई। जो व्यक्ति ह्रदय के तल पर जीने वाला है। उसे भक्तिमार्ग तथा जो मस्तिष्क के बौध्दिक तल पर जीवन जीने वाला है,उसे ज्ञानमार्ग बताया।

भक्तिधारा में मीराबाई पर न सिर्फ उनके पद्यों के माध्यम से भक्तिभाव को सारगर्भित, सरल–सहज शब्दों में व्याख्यित किया वरन् मीराबाई के श्रीकृष्ण के प्रति अगाढ़ प्रेम को तथा उनके जीवन की घटनाओं का मनोविश्लेषणात्मक वर्णन भी किया है। मीराबाई अपने जीवन में कई चमत्कारिक घटनाओं के अनुभव से गुजरी जिसे भक्तिभाव से देखें तो वह पूर्वजन्म की स्मृति की हल्की झलक है। कुछ घटनाएं किवदंती सी प्रतीत होती है परन्तु भक्ति के गहन तल पर ईश्वर भी वास्तविक तौर पर साकार रूप ले लेता है। जो कुछ मिथक या कहानी प्रतीत होता है वह कुछ युगों बाद प्रसिध्द्व हो जाता है। मीराबाई के संदर्भ में ओशो कहते हैं कि, '' हमें मीरा के संबंध में कुछ बाते समझ लेना जरूरी है। मीरा प्रेम का इतना अपूर्व भाव इस तरह शुरू हो भी नहीं सकता। यह कहानी पुरानी है। यह मीरा कृष्ण की पुरानी गोपियों में से एक है। मीरा ने खुद भी कहा है कि कृष्ण के समय में ''मैं उनकी एक गोपी थी, ललिता मेरा नाम था।''

इस सत्य को पण्डित टाल जाते हैं, इस बात को ही कह देते हैं कि यह किवंदिती है। मैं इसे कहानी न कह सकूंगा। मीरा खुद कहती है, उसे मैं स्वीकार करता हूं। सच झूठ का मुझे हिसाब नहीं लगाना है।''

ओशो पूर्व जन्म के अवधारणा पर बहुत विश्वास करते थे, उन्होने अपने प्रवचनों में कई पूर्व जन्मों की घटनाओं के बारे में जिक्र किया है। उन्होने अपने प्रवचनों में मीरा के बचपन में घटी घटना जिसे आज किवंदती कह कर अनदेखा कर दिया जाता है लेकिन ओशो इस घटना को बाल मनोविज्ञान का आधार बताते हैं।

पूर्वजन्म और मीराबाई का बचपन :

''मीरा 4–5 साल की थी, उनके घर एक साधू मेहमान आया, साधू ने सुबह अपनी झोली से कृष्ण की मूर्ति निकाल कर पूजा करना शुरू किया तो मीरा एकदम पागल हो गई, देहखुह (पूर्व जन्म की स्मृति जागृत होना) होने लगा। पूर्वाभाव का स्मरण हो गया वह मूर्ति

कुछ ऐसी थी कि, चित्र पर चित्र खुलने लगे। वह मूर्ति कहानी की शुरूआत बन गई। मीरा लौट गई,हजारों साल पीछे अपनी इस स्मृति में। रोने लगी, साधू से वह मूर्ति मांगने की जिद् करने लगी लेकिन साधू को उस मूर्ति से विशेष लगाव था। वह साधू उसी दिन अगले गांव में जाने वाला था वह वहां से चला गया। मीरा का यह कृष्ण के प्रति प्रेम और पहला विरह ऐसा रंग लाया कि, वह बालहठ के रूप में प्रकट हुआ, मीरा ने खाना–पीना बन्द कर दिया।''

''पण्डितों के लिये यह प्रमाणित नहीं होता लेकिन मेरे लिए यह प्रमाण है। 4–5 साल की बच्ची इस तरह बालहठ में न कुछ खाए पीए और आंसू बहाते रहे। सामान्य तौर पर बच्चे कभी–कभी खिलौनो के लिए भी जिद्द करते हैं लेकिन घड़ी दो घड़ी में भूल जाते हैं। उसके घर के लोग भी हैरान हुए कि, अब क्या करें ? साधू तो गया भी, कहां उसे खोजें ? और वह देगा, इसकी भी संभावना कम है।

रात उस साधू ने सपना देखा कि, श्रीकृष्ण उसके समीप खड़े हैं उन्होने कहा कि, मूर्ति जिसकी है उसको लौटा दो। तू रख ली बहुत दिन तक, यह अमानत थी, मगर यह तेरी नहीं है अब तू नाहक मत ढ़ो। साधू तो घबड़ा गया कृष्ण तो कभी उसे दिखाई भी न पड़े थे। वर्षों से प्रार्थना पूजा कर रहा था, साधू आधी रात को ही मीरा के घर गया और कहा ''मुझे क्षमा करो, मुझसे भूल हो गई।'' वह मूर्ति देकर वापस लौट गया।

यह घटना मीरा के जीवन में बहुत बड़ा बदलाव लेकर आयी, वह उस मूर्ति के साथ दिन–रात रहने लगी। यह मीरा के इस जीवन में कृष्ण के साथ पुर्नगठबंधन की शुरूआत थी। दो वर्ष उपरांत पड़ोस में किसी का विवाह हुआ और यह 7–8 साल की लड़की ने पूछा अपनी माँ को ''सबका विवाह होता है, मेरा कब होगा, मेरा वर कौन है?'' माँ ने ऐसे ही मज़ाक में कहा यह गिरधर गोपाल ही तेरे वर हैं (मीरा उस वक्त भी वह कृष्ण की मूर्ति को छाती से लगाए खड़ी थी) यह तो माँ ने मज़ाक में ही कहा था। कभी–कभी सहयोग महारंभ बन जाते हैं– महाप्रस्थान के पथ पर। बचपन में अगर कोई भाव बैठ जाता है तो बड़ा दुरगामी होता है। यह बात उसके मन में बैठ गई उस दिन से उसने अपना सारा प्रेम कृष्ण पर उंडेल दिया।''

सांसारिक वियोग बना वैराग्य का मार्ग :

मीराबाई अपने जीवन में कई चमत्कारिक घटनाओं से गुजरी संसार के सारे रिश्ते धीरे–धीरे टूटने लगे और वह अध्यात्म में गहनता से उतर गई। इस विषय में ओशो कहते हैं कि, मीरा पर जिन लोगों ने किताबे लिखीं, वे सब लिखते हैं, मीरा के जीवन जितने भी

महत्वपूर्ण व्यक्ति थे, उन सबकी दुर्भाग्य से मृत्यु हो गई पर मैं ऐसा नहीं कह सकता। यह सौभाग्य से ही हुआ, वे लिखते हैं दुर्भाग्य से, क्योंकि मृत्यु को सभी लोग दुर्भाग्य मानते हैं लेकिन यही तो मीरा के जन्म का कारण बना। जितना भी प्रेम कहीं था वह सब सिकुड़ता गया, सारा प्रेम कृष्ण पर उमड़ता गया''। इन सब मृत्यु की घटनाओं ने एक बात दिखा दी कि, इस जगत में सब क्षणभंगुर है, अगर प्यार खोजना हो तो शाश्वत में खोजो। मीरा इतनी प्रतिष्ठित हो रही थी, दूर–दूर से मीरा की खबर सुनकर लोग आने लगे थे। वह सुगंध उड़ने लगी थी, वह सुगंध कस्तूरी की तरह थी''।

मार्ग बदल गया :

मीरा भक्तिभाव में लीन हो संतों के समूहों में विचरण करने लगी। राजस्थान से वह वृंदावन पहुंची। वहां पर श्रीकृष्ण पुरूष हैं और सारा संसार उनकी गोपियां हैं। ऐसी गहन दार्शनिक विचारधारा सहज घटना के रूप में परिलक्षित हुई। इस विषय में ओशो कहते हैं कि, ''जब मीरा वृंदावन के प्रतिष्ठित मन्दिर में पहुंची जहां पर स्त्रियों का प्रवेश निषेध था क्योंकि उस मन्दिर का जो महंत था वह स्त्रियों को नहीं देखता था, ब्रह्माचारी को स्त्री को देखना वर्जित है, मीरा को रोकने का प्रयास किया गया परन्तु मीरा की गहन भक्ति दीवानगी देखकर रोकने वाले भी मौन हो गये। मन्दिर में मीरा प्रवेश कर चुकी थी। पुजारी के हाथ पूजा का थाल गिर गया। यह स्त्री यहां भीतर कैसे आ गई। कृष्ण के सामने मीरा भक्ति में नाच रही है लेकिन पण्डित नहीं डूबा। उसने मीरा को कहा ''रूको औरत''।

मीरा ने कहा ''मैं सोचती थी कि, कृष्ण के अतिरिक्त और कोई पुरूष है नहीं, सारा संसार गोपी है, उनके ही साथ रास चल रहा है, तो तुम भी पुरूष हो? मैं तो सिर्फ कृष्ण को ही पुरूष जानती थी, तो तुम प्रतियोगी हो''

पण्डित घबरा गया उसे समझ नहीं आया कि क्या जवाब दें ? इस घटना के उपरांत मीरा वृंदावन छोड़ द्वारका चली गई। संतों के साथ हमने सदा ऐसा ही दुर्व्यवहार किया है मर जाने के बाद पूजते हैं , जीवित हम दुर्व्यवहार करते हैं।

समाज को भक्ति रास नहीं आयी :

मीराबाई श्रीकृष्ण के भक्तिभाव में अत्यंत लीन हो गई, उनका श्रीकृष्ण की दीवनगी में मन्दिरों मार्गों में पदयों का गायन, नृत्य करना, उस समय के सामाजिक व्यवस्थापकों को रास नहीं आया, उनको दण्डस्वरूप मृत्यु देने के उद्देश्य से कभी राणा ने नाग भेजा तो कभी ज़हर का प्याला। मीराबाई ने भक्तिभाव से श्रीकृष्ण का प्रसाद समझ हर घटना का स्वागत

किया। इस विषय में ओशो कहते हैं कि, ''जो कहानियां हैं, वे ख्याल में लेना, जहर भेजा और मीरा उसे कृष्ण का नाम लेकर पी गई, कहते हैं जहर अमृत हो गया, हो ही जाना चाहिए, इतने प्रेम से, इतने स्वागत से अगर कोई जहर भी पी ले तो अमृत हो ही जायेगा।''

मीरा ने समाधी ली :

राजस्थान में वर्षों बाद मेवाड़ की गद्दी पर राणासांगा के बाद सबसे छोटा बेटा राजा उदयसिंह बैठा। राजा उदयसिंह को मीरा के प्रति अगाढ श्रृध्दा थी। उसने अनेक संदेश वाहक भेजे मीरा को वापस लाने के लिये यह घटना भी मीरा के जीवन की मार्मिक अविश्वसनीय अनुभव बन गई। इस विषय में ओशो कहते हैं कि, ''उदयसिंह को अपने पूर्वजों के कार्यों पर क्षोभ था, उसने मीरा को मेवाड़ लाने के लिए कई बार प्रयास किये, हर बार असफल रहा। मीरा हर बार लोगों को समझाकर भेज देती परन्तु एक बार उदयसिंह ने 100 आदमियों को मीरा को लेने के लिये भेजा।

मीरा ने कहा ''फिर ऐसा है तो चलना ही होगा, मैं जाकर अपने प्यारे को पूछ लूं, उनकी बिना आज्ञा के तो न जा सकूंगी। वह मन्दिर के भीतर गई और कथा बड़ी प्यारी है अदभुत और बहुमूल्य है। वह भीतर गई और कहते हैं, फिर बाहर नहीं लौटी। कृष्ण की मूर्ति में ही समा गई।

यह भी ऐतिहासिक तो नहीं हो सकती बात लेकिन होनी चाहिए, क्योंकि अगर मीरा कृष्ण की मूर्ति में न समा सके तो फिर कौन समायेगा ? कृष्ण को अपने में इतना समाया, कृष्ण इतना भी न करेंगे कि, उसे अपने में समा ले तब तो फिर भक्ति का सारा गणित ही टूट जायेगा। आखरी घड़ी आ गई महासमाधि की। अंततः भक्त भगवान में समा ही जाता है, यह घटना एक परम घटना में परिवर्तित हो गई।

निष्कर्ष :

मीरा बाई के पदय उस युग में ही नहीं बल्कि वर्तमान के आधुनिक जगत में उतने ही मार्मिक व ह्रदय के बहुत समीप जान पड़ते हैं। आने वाले युगों में भी इनका महत्व इसी तरह बना रहेगा क्योंकि मानव कितना भी आधुनिक जीवनयापन करे परन्तु उसकी मानवीय संवेदनाए उतनी ही प्रबल बनी रहेगी।

कुछ शंकाएँ, कुछ समाधान : भारतीय संविधान की समीक्षा

डॉ. सपना चक्रवर्ती
सहायक प्राध्यापक – राजनीति विज्ञान
श्री अटल बिहारी वाजपेयी
शास. कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय
इन्दौर (म.प्र.)

पंडित जवाहरलाल नेहरू ने संविधान सभा के समक्ष अपने उद्‌गार व्यक्त करते हुए कहा था, ''भारतीय संविधान का निर्माण करते समय हमारा उद्‌देश्य किसी मौलिक संविधान निर्माण करना नहीं है न ही हमारा उद्‌देश्य किसी प्रकार की विद्वता का प्रदर्शन करना है अपितु हमारा उद्‌देश्य एक ऐसे संविधान का निर्माण करना है जो भारतीय परिस्थितियों के अनुकूल हो।'' संविधान सभा में जिस संविधान का निर्माण किया था वह तात्कालिक भारतीय परिस्थितियों के अनुकूल था परन्तु यह एक सर्वमान्य तथ्य है कि संविधान निर्माता भविष्य दृष्टा तो होते है परन्तु भविष्य वक्ता नहीं होते। अतएव परिवर्तित परिस्थितियों के अनुकूल संविधान में भी परिवर्तित होना आवश्यक होता है। जो संविधान स्वयं करे परिस्थितियों के अनुकूल परिवर्तित नहीं कर पाते अर्थात् जिनमें अनुकूलता का गुण नहीं होता ऐसे संविधानों के विरूद्ध क्रांति हो जाती है अथवा शासन व्यवस्था का उल्लेख अवश्यमेव किया जाता है। किन्तु यदि संशोधन के माध्यम से आवश्यक परिवर्तन करना सम्भव न हो तो संविधान मं भी परिवर्तित परिस्थितियों के अनुकूल पुनर्समीक्षा की आवश्यकता होती है।

26 जनवरी 2000 को हमारा गणतंत्रीय संविधान अपनी 50वीं वर्षगांठ मना चुका है। इस बीच गंगा–यमुना का बहुत सा पानी बह चुका है। भारतीय राजनीति में प्रजातांत्रिक मूल्यों का ह्रास हुआ है। यह एक आश्चर्यजनक स्थिति हैं कि देश के उद्योग तो बीमार पड़े हैं लेकिन उद्योगपति धनवान हैं, भूमि को जोतने वाले किसान तो निर्धन हैं लेकिन जमींदार समृद्ध हुए हैं। देश की सामान्य जनता तो असहाय है लेकिन शासक सर्व शक्तिमान हैं। यह कहा जाने लगा है कि भारत एक अमीर देश है जहाँ गरीब जनता निवास करती है। एन.ए. पालकीवाला के अनुसार स्वाधीनता प्राप्ति के पश्चात् चार क्षेत्रों में हम बुनियादी रूप से असफल रहे हैं –

(अ) कानून तथा व्यवस्था स्थापित करने में असफलता।

(ब) आर्थिक समृद्धि लाने के लिये आर्थिक स्त्रोतों का समुचित दोहन करने में असफलता।

(स) मानव शक्ति के विकास में असफलता तथा

(द) नैतिक दृष्टि से नेतृत्व प्रदान करने में असफलता।

डॉ. अमरेश अवस्थी ने मध्यप्रदेश राजनीति विज्ञान परिषद में भाषण देते हुए भारतीय राजनीतिक व्यवस्था की पाँच दुर्बलताओं की ओर विशेष रूप से इंगित किया है–

1. संसदीय प्रजातंत्र के स्थान पर लोक लंभावनी जनतंत्र की ओर प्रवृत्ति।
2. राजनीति में बढ़ती हुई हिंसा।
3. देश में धीरे–धीरे चल रही राजनीतिक तथा संवैधानिक संस्थाओं जैसे – न्यायपालिका, संसद आदि के विघटन की प्रक्रिया।
4. नैतिक मूल्यों की तीव्रता से ह्रास।
5. राजनीति का अपराधीकरण।

उपर्युक्त परिस्थितियों को दृष्टिगत रखते हुए यह विचारणीय प्रश्न है कि –

1. क्या भारतीय संविधान के कुछ विशिष्ट उपबन्धों में संशोधन किया जाए?
2. क्या संविधान की पुनर्संरचना की जाए?
3. संविधान का स्वरूप यथावत् रहे किन्तु उसके विभिन्न प्रावधानों की पुर्नसमीक्षा की जाए?

एक विशेष समारोह में भारत के राष्ट्रपति तथा प्रधानमंत्री द्वारा संविधान समीक्षा के सम्बंध में व्यक्त किये गये विचारों में स्पष्ट भिन्नता दृष्टिगोचर हुई। प्रधानमंत्री श्री अटल बिहारी वाजपेयी ने कहा कि संविधाने की समीक्षा इसलिये आवश्यक हो गई है कि भारतीये संविधान को बने हुए पचास साल बीत चुके हैं तथा अनेक नवीन परिस्थितियाँ उत्पन्न हो गई है। केन्द्र तथा राज्य दोनों में स्थिरता की आवश्यकता महसूस की जा रही है। इसके मद्देनजर संविधान में आंशिक फेरबदल किया जा सकता है किन्तु उसका बुनियादी ढांचा यथावत् बना रहेगा। राष्ट्रपति श्री आर.के. नारायणन ने कहा कि ''हमारे संविधान निर्माताओं ने बहुत सोच–समझकर संविधान तैयार किया था।'' हमें पहले यह विचार करना होगा कि हम संविधान के कारण विफल हुए है अथवा हमने संविधान को विफल किया है।

संविधान समीक्षा का पक्ष पोषण

भारतीय संविधान की समीक्षा की मांग करने वालों का तर्क है कि संविधान की समीक्षा किया जाना न केवल जनहित में है अपितु यह समय की मांग भी है। प्रत्येक संविधान देश तथा जनता की आशाओं एवं आकांक्षाओं का दस्तावेज होता है। यह कोई धर्मिक ग्रंथ नहीं है जिसकी समीक्षा अथवा विवेचना वर्जित हो। संविधान के लागू होने के पश्चात् से देश की परिस्थितियों में अत्यधिक परिवर्तन आया है। लोकतांत्रिक व्यवस्था में समय तथा परिस्थितियों के अनुकूल सकारात्मक दृष्टि से परिवर्तन, सीमक्षा तथा संशोधन की आवश्कता होती है।

वर्तमान में भारतीय लोकतंत्र अनेक संकटापन्न स्थितियों से गुजर रहा है। अस्थिर सरकारों के दौर में कोई भी ऐसा राजनीतिक दल नहीं है जिसे इतना जन समर्थन प्राप्त हो कि वह अपने बलबूते पर सरकार बनाने की स्थिति में हो, राजनीति का अपराधीकरण इस मात्रा में हो चुका है कि यह कहना सम्भव नहीं है कि यह राजनीति है, जिसका अपराधीकरण हुआ है अथवा ये अपराधी है जिनका राजनीतिकरण हुआ है। भ्रष्टाचार के दुष्ट दानवों ने तो सम्पूर्ण शासन एवं प्रशासन को आच्छादित कर रखा है। मंहगाई सुरसा की भाँति मुँह बाएँ खड़ी है, कानून तथा व्यवस्था की स्थिति दयनीय है, उग्रवाद तथा आतंकवाद ने सम्पूर्ण वातावरण को भय मिश्रित बना दिया है। क्या हम 21वीं शताब्दी के भारत को इन्हीं समस्या के साथ विश्वे का सिरमौर बनाने का स्वप्न संजोए हुए है? यदि वास्तव में भारत को अपनी खोई हुए प्रतिष्ठा को प्राप्त करना है तो भारतीय प्रजातंत्र की संस्थागत तथा मानवीय कमजोरियों को समाप्त करने के लिए दृढ़ संकल्प होकर कदम उठाने होंगे।

भारतीय संविधान की समीक्षा के लिए सरकार ने न्यायमूर्ति एम.एन. वैंकटचलैया की अध्यक्षता में एक 11 सदस्यीय आयोग का गठन किया है। श्री वाजपेयी ने इस सम्बंध में कहा है ''यह आयोग किसी दल के प्रभाव में नहीं है और न ही किसी दल विशेष की इच्छा की पूर्ति के लिए है।'' इसमें निष्पक्ष लोग हैं जाक क्षेत्र के विशेषज्ञ हैं। उन्होंने कहा कि इस आयोग की रिपोर्ट में संसद तथा देशभर में व्यापक बहस होगी और इस रिपोर्ट को संसद द्वारा पारित भी किया जाएगा। संविधान संशोधन के लिए आयोग द्वारा दिए गए किसी भी सुझााव को संविधान में तभी सम्मिलित किया जाएगा जबकि संसद दसे पारित करे।

संविधान समीक्षा का विरोध

संविधान समीक्षा के प्रश्न पर विचार करते हुए सर्वप्रथम राष्ट्रपति के.आर. नारायणन महोदय का प्रश्न था कि वास्तव में हमें इस बात पर विचार करना चाहिए कि हम संविधान के कारण विफल हुए हैं अथवा हमनें संविधान को विफल कर दिया है। संविधान समीक्षा का विरोध करने वालों की मान्यता है कि भारतीय संविधान में संशोधन की जो व्यवस्था है उसके कारण समय तथा परिस्थितियों के अनुकूल उसमें परिवर्तन करने के पर्याप्त उपाय उपलब्ध हैं तथा इसी आधार पर विश्व के संविधानों में सर्वाधिक 86 संविधान संशोधन भारतीय संविधान में किए जा चुके हैं। भारतीय संविधान की समीक्षा के लिए संविधान समीक्षा आयोग न केवल अवैधानिक अपितु संविधान निर्माताओं की भावनाओं का भी अनादर है। संविधान समीक्षा के पीछे सरकार की भावना तानाशाही सरकार तथा फांसीवादी व्यवस्था की स्थापना है। प्रभावी शासन व्यवस्था स्थापित करने के लिए सरकार उचित संविधान संशोधन कर सकती है। इस समय लोकसभा में किसी भी राजनैतिक दल को स्पष्ट बहुमत प्राप्त नहीं है और राज्य सभा में भी सरकार को स्पष्ट बहुमत प्राप्त नहीं हैं। सामान्य जनता भी केन्द्र सरकार के इस कदम को आशंका की दृष्टि से देखती है। वास्तविकता तो यह है कि हमें इस दृष्टि से समीक्षा की आवश्यकता है कि विद्यमान संवैधानिक व्यवस्थाओं का कार्यान्वयन क्या ईमानदारी से किया गया है? इस दृष्टि से संशोधन यदि करना हो तो सरकार को अपनी नीतियों को इस प्रकार संशोधन करना चाहिए ताकि जन आकांक्षाओं की पूर्ति की जा सके।

वस्तुस्थिति तो यह है कि केवल इस आधार पर संविधान की व्याख्या का प्रश्न उपस्थित करना उचित नहीं है कि संविधान का निर्माण हुए 50 वर्ष व्यतीत हो चुके हैं। संविधान का निर्माण किसी समय विशेष के लिए नहीं किया जाता। संविधान का निर्माण भविष्य को दृष्टिगत रखकर किया जाता है। यह संविधान निर्माताओं की दूरदर्शिता का प्रतीक होता है तथा पीढ़ियों के लिए होता है। सरकार यह भी जानती है कि संविधान संशोधन के लिए उसके पास पर्याप्त बहुमत नहीं हैं किन्तु सरकार केवल देश को एक उलझाना चाहती है।

निष्कर्ष

भारतीय संविधान की यात्रा को 50 वर्ष पूर्ण हो चुके हैं। इस दौरान भारतीय राजनीति व्यवस्था तथा प्रशासन ने अनेक झंझावतों का सामना सफलतापूर्वक किया है।

यद्यपि संविधान को बार–बार विवाद के घेरों में लाने का प्रयास राजनीतिक दलों द्वारा किया जाता रहा किन्तु जनता की संवैधानिक निष्ठाएँ अक्षुण्ण बनी रही। वास्तविकता तो यह है कि कोई भी संविधान कालातीत नहीं होता क्योंकि संविधान निर्माता भविष्य दृष्टा होकर संविधान का निर्माण करते हैं। इसके साथ ही प्रत्येक संविधान की प्रक्रिया का उल्लेख होता है। इस दृष्टि से भारतीय संविधान की समीक्षा का यह कोई उपयुक्त आधार नहीं है कि 50 वर्षों में इसकी समीक्षा की आवश्यकता है। वास्तव में समीक्षा समिति का प्रयास केवल अकादमिक कसरत के अतिरिक्त और कुछ नहीं है। अंतिम निर्णय तो संसद को ही करना है जहाँ सरकार को आवश्यक बहुमत प्राप्त नहीं हैं।

अब जबकि संविधान समीक्षा हेतु आयोग का गठन कर ही दिया गया है वह भी इस शर्त के साथ कि आयोग संविधान के मूल ढाँचे में किसी प्रकार का परिवर्तन नहीं करेगा। यदि वास्तव में आयोग किसी दल विशेष के हितों में कार्य न कर निष्पक्षतापूर्वक कार्य करते हुए रचनात्मक सुझाव देता है तो उनका स्वागत किया जाना चाहिए।

संदर्भ ग्रंथ सूची :

01. सिविल सर्विसेस क्रानिकल, मार्च 2000, पृ. 11
02. सिविल सर्विसेस क्रानिकल, मार्च 2000, पृ. 12
03. प्रतियोगिता दर्पण, जुलाई 200/2 116/6
04. NCERT 12 स्टेंडर्ड ''भारत में लोकतंत्र''
05. हमारा संविधान, सुभाष कश्यप, पृ. 56
06. भारत का संविधान एक परिचय, D.D. बसु, पृ. 91
07. युसूफ बनाम बम्बई राज्य AIR 1954 SC 321
08. चित्रलेखा बनाम मैसूर राज्य AIR 1964 SC 1823/1827
09. भारत का संविधान एक परिचय, D.D. बसु, पृ. 95
10. संजीत बनाम मैसूर राज्य AIR 1953 SC 328
11. हमारा संविधान, सुभाष कश्यप, पृ. 57
12. कांस्टीट्शन ऑफ इंडिया, पी. जोशी, पृ. 112
13. भारतीय शासन एवं राजनीति – डॉ. फड़िया
14. नई दुनिया, इन्दौर संस्करण, 17 अगस्त 2000, पृ. 06